केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग



वार्षिक रिपोर्ट
2010–11

Design & Print by: GENESIS 98100 33682
genesisadvt@hotmail.com

सत्यमेव जयते

वार्षिक रिपोर्ट

2010–11

केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (के.वि.वि.आ.)

तीसरी तथा चौथी मंजिल, चन्द्रलोक बिल्डिंग, 36, जनपथ, नई दिल्ली–110001

फोन नं.: 91 11 23353503, फैक्स: 91 11 23753923

वेबसाइट: www.cercind.gov.in

अध्यक्ष का कथन

केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (सीईआरसी), कुछ वर्षों में भारत के विद्युत सेक्टर में, सुधारों के उत्प्रेरक के रूप में उभर कर सामने आया है। विद्युत अधिनियम, 2003 के विद्युत के क्षेत्र में बाजार विकास के संवर्धन का बड़ा दायित्व सीईआरसी को सौंप कर इसमें अपना विश्वास व्यक्त किया है। प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहित करने और उपभोक्ताओं के लिए प्रतियोगिता और दक्षता के परिणाम सुनियत करने के वृहत्तर उद्देश्य के साथ दक्षता सुधार प्रेरित करने के लिए आयोग का आह्वान किया गया है।

गत में अपनी सक्रियात्मक पहलों को जारी रखते हुए, आयोग ने इस वर्ष में भी बहुत से महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। क्षेत्रों और राज्यों में विद्युत के निरंतर प्रवाह के लिए संतुलित पारेषण तंत्र एक पूर्व शर्त है। अतः अधिनियम ने आयोग को इस क्षेत्र में प्रतियोगिता की बढ़ती हुई आवश्यकताओं और बहुकारक शासन पर सम्यक् ध्यान देते हुए, अंतर–राज्यिक पारेषण को विनियमित करने के लिए आज्ञापक बनाता है।

आयोग के इस आज्ञापन की प्राप्ति में, वर्ष के दौरान हुई बड़ी घटनाओं में कनेक्शन के बिंदु (पीओसी) संबंधी पारेषण प्रभार विनियम बनाना और अन्त–राज्यिक पारेषण स्कीम (आईएसटीएस) के निष्पादन के लिए विनियामक अनुमोदन शामिल हैं। पीओसी प्रणाली एक युगान्तरकारी पहल है जो विभिन्न उपभोक्ताओं के बीच पारेषण प्रभारों को पूर्व–आबंटन की पद्धतियों की कमियों को दूर करने की ईप्सा करती है। साथ ही यह समय की बढ़ती हुई, मांगों का और प्रतिस्पर्धा बोली, निर्बाध पहुँच के माध्यम से आने वाली परियोजनाओं के विकासों तथा राष्ट्रीय ग्रिड के विकास से उत्पन्न चुनौतियों का सामना करती है। यह अग्रिम में पारेषण प्रभारों के उपबंध करके विनिधान के लिए वांछित नियतता लाती है।

अन्तर–राज्यिक पारेषण स्कीम के निष्पादन के लिए विनियामक अनुमोदन प्रदान करने पर विनियमों के साथ और बाद में नौ उच्च क्षमता के कॉरीडोरों के निष्पादन के लिए अनुमोदन प्रदान करने के आदेश जारी करके, आयोग ने पारेषण प्रणाली की पारेषण योजना और विनिधान की अपेक्षाओं से संबंधित एक बड़े मुद्दे का समाधान कर लिया है। आयोग के एक सदस्य की अध्यक्षता में बनी सशक्त समिति ने भी वर्ष के दौरान पारेषण परियोजनाओं में प्रतिस्पर्धा बोली को सुकर बनाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है।

पारेषण में कीमत ढ़ाचें को सुदृढ़ बनाने और विनिधान की आवश्यकता का समाधान निकालने की पहल के साथ–साथ आयोग ने, भारतीय विद्युत ग्रिड संहिता (आईईजीसी) और अननुसूचित विनिमय (यूआई) विनिमयों में संशोधनों के माध्यम से ग्रिड के सुरक्षित और सुनियत प्रचालन को भी सुनियत किया है। अनुज्ञेय फ्रिक्वेंसी रेंज को और अधिक कड़ा बनाया गया है तथा समय–सूची में विचलन के विरूद्ध अधिक निवारण प्राप्त करने के उद्देश्य से यूआई प्रभारों में वृद्धि की गई है। इन प्रयासों का उद्देश्य विद्युत के लिए दीर्घकालिक आवश्यकताओं को पूरा करने में यूआई पर निर्भर करने के बजाए विद्युत उपापित्त हेतु योजना बनाने में वितरण कंपनियों को प्रोत्साहित करना है।

वर्ष के दौरान हरित ऊर्जा के संबंर्धन की दिशा में, आयोग के प्रयासों ने नवीकरणीय ऊर्जा प्रमाणपत्र (आरईसी) ढांचा प्रारंभ करके नई ऊँचाइयां प्रप्त की हैं। इसे देश में नवीकीणीय ऊर्जा स्त्रोतों के विकास के लिए नए युग के एक अग्रदूत के रूप से देखा गया है। आरईसी प्रणाली से प्रतियोगिता का संवर्धन अपेक्षित है और परिणामतः नवीकरणीय ऊर्जा मुख्य धारा में आयेगी। नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादकों के पास अब विद्युत के विक्रय का एक और विकल्प है और साथ ही बाध्यता वाली उपयोगिताओं के पास भी अपनी क्रय बाध्यताओं को पूरा करने के लिए दूसरा विकल्प होगा। आयोग ने 50 मेगावाट या उससे अधिक के नवीकीणीय ऊर्जा स्त्रोंतो और हाइड्रो उत्पादन केन्द्रों के लिए सीटीयू नेटवर्क के साथ संयोजिकता को समर्थ बनाकर, नवीकरणीय ऊर्जा के ग्रिड एकीकरण से संबंधित मुद्दे का समाधान निकालने की भी ईप्सा है।

इसके अलावा, आयोग ने निर्बाध पहुँच, पीकिंग विद्युत संयंत्रों की आवश्यकता और नवीकरणीय ऊर्जा का संवर्धन जैसे अनेक मुद्दों पर भारत सरकार को कानूनी सलाह देकर अपने सलाहकारी कृत्यों का निर्वहन किया है।

इसके अतिरिक्त, आयोग ने विनियामक फोरम (एफओआर), भारतीय विनियामक फोरम (एफओआईआर) और दक्षिण एशिया अवसंरचना विनिमय फोरम (एसएएफआईआर) की गतिविधियों में भाग लेकर विभिन्न नीतियों और विनियामक पहलों को अंतिम रूप देने में अपने संसाधनों का उपयोग किया है।

आयोग आशा करता है कि उसे अपनी जिम्मेदारियों को पूरा करने में सभी पणधारियों का निरंतर सहयोग मिलता रहेगा।

डॉ. प्रमोद देव

विषय वस्तु

1. आयोग 1

2. मिशन विवरण 3

3. वर्ष 2010–11 के दौरान आयोग के अध्यक्ष तथा सदस्यों का संक्षिप्त विवरण 5

4. पूर्व वर्ष–एक अवलोकन 13

5. उपभाक्ताओं को लाभ तथा क्षेत्र के विकास के लिए विनियामक प्रक्रियाओं का निष्कर्ष 17

   5.1 उपभोक्ताओं को लाभ

   5.2 क्षेत्र का विकास

6. विनियामक प्रक्रियाएं तथा कार्यवाहियाँ 21

   6.1 विनियमों के लिए प्रक्रिया

   6.2 याचिकाओं से संबंधित आदेश के लिए प्रक्रिया

   6.3 टैरिफ अवधारण करने की प्रक्रिया और सिद्धान्त

7. वर्ष 2010–11 के दौरान किए गए क्रियाकलाप 25

   7.1 कानूनी कार्यवाही 26

   7.2 वर्ष 2010–11 में के दौरान प्रमुख निर्णय 26

   7.3 विद्युत बाजारः व्यापार, पावर एक्सचेंज तथा निर्बाध पहुंच 33

      i. अंतर–राज्यिक व्यापार अनुज्ञप्तिधारी

      ii. पावर एक्सचेंज

      iii. बाजार निगरानी प्रकोष्ठ

      iv. बोली मूल्यांकन और भुगतान के प्रयोजनार्थ संवर्धित कारकों तथा अन्य मानकों की अधिसूचना

   7.4 थर्मल उत्पादन 36

      i. टैरिफ निर्धारण

      ii. आयोग द्वारा संचालित अन्य मामले

   7.5 हाइड्रो उत्पादन (जल विद्युत उत्पादन) 40

      i. विविध कार्य

      ii. जलविघुत परियोजना के चालू होने संबंधी कार्यक्रम (अनुसूची) के लिए दिशानिर्देश

      iii. 2009–14 की अवधि के लिए टैरिफ

7.6 पारेषण 44

i. पारेषण टैरिफ

ii. वास्तविक समय परिचालन विनियमो में संकुलन अवमुक्ति के उपायों के तहत प्रक्रियाएं

iii. अननुसूचित विनियम (यू आई) प्रभारों के भुगतान में व्यतिक्रमी उपयोगिताओं पर कार्रवाही

iv. ग्रिड अनुशासन सुनिश्चित करने के उपाय

v. विद्युत क्षेत्र के महत्वपूर्ण मुद्दों पर विभिन्न याचिकाओं को आयोग के आदेश

vi. अन्तर–राज्यिक निर्बाध पहुँच को सुविधाजनक बनाना

vii. पारेषण अनुज्ञप्ति प्रदान करना (अनुदान)

7.7 नवीकरणीय ऊर्जा 51

i. टैरिफ निर्धारण पर आदेश

ii. केन्द्रीय एजेन्सी (एनएलडीसी) द्वारा प्रस्तुत आईसी तंत्र के तहत विस्तृत प्रक्रिया पर आदेश

iii. आईसी रूपरेखा के लिए प्रविरत और न्यूनतम मूल्य के निर्धारण पर आदेश

iv. केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन के लिए नवीकरणीय ऊर्जा प्रमाणपत्र जारी करने और मान्यता के लिए निबंधन तथा शर्तें) विनियम, 2010 के विनियम 11 के तहत देय कोस और प्रभारों के निर्धारण संबंधित आदेशः याचिका सं0 99/2010 (स्वप्रेरणा) आदेश की तिथिः 01–06–2010

7.8 वर्ष के दौरान अन्य किर्याकलाप 53

i. सीईआरसी में विनियामक सूचना प्रबंधन प्रणाली (रिम्स)

ii. केन्द्रीय सलाहकार समिति (सीएसी)

iii. विनियामकों के फोरम (एफओआर) की गतिविधियां

iv. भारतीय विनियामकों के फोरम की गतिविधियां

v. दक्षिण एशिया अवसंरचना विनियम फोरम (एसएएफआईआर) की गतिविधियां

vi. सेमिनार/सम्मेलन/प्रशिक्षण/आदान–प्रदान कार्यक्रम

7.9 भारत सरकार को सलाह 57

i. समर्पित पारेषण लाइनों के संस्थापना के संबंध में

ii. निर्बाध पहुँच धारा 11 मामले के बारे में 18–05–2010

iii. प्रतिस्पर्धा बोली आधारित टैरिफ के लिए समय सीमा के संदर्भ में

vi. नवीकरणीय ऊर्जा के स्रोतों के संवर्धन के समर्थन के संदर्भ में

8. **वर्ष 2010–11 के दौरान जारी अधिसूचनाएं** 61

9. **2011–12 के लिए कार्यसूची** 65

10. **लेखाओं का वार्षिक विवरण** 67

11. **आयोग का मानव संसाधन** 69

अनुबंध

I. केविविआ के समक्ष फाइल की गई याचिकाओं की प्रास्थिति (01–04–2010 से 31–03–2011 तक) 74

II. 31–03–2011 को एनटीपीसी के उत्पादन केन्द्रों की संस्थापित क्षमता तथा वाणिज्यिक प्रचालन की तारीख 117

III. दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) के उत्पादन केन्द्रों की संस्थापित क्षमता तथा प्रत्येक की वाणिज्यिक प्रचालन की तारीख 119

IV. 85 प्रतिशत पीएलएफ पर पैसे/केडब्लूएच में 31–03–2011 को मौजूदा एनटीपीसी, एनएलसी तथा नीपको के उत्पादन स्टेशनों की उत्पादन (टैरिफ) की लागत 120

V. केन्द्रीय क्षेत्र की हाइड्रो उत्पादन कंपनियों की संस्थापित क्षमता (एनएचपीसी, एनएचडीसी, निपको, एसजेवीएनएल, टीएचडीसी तथा डीवीसी) 123

VI. के.वि.वि.आ. की परिधि के अधीन हाइड्रो उत्पादन केन्द्रों का संक्षिप्त टैरिफ 125

VII. वर्ष 2011–12 के लिए नवीकरणीय ऊर्जा टैरिफ (रूपए/केडब्ल्यूएच) 126

VIII. वर्ष 2010–11 मे आयोग के स्टाफ/अधिकारियों द्वारा भाग लिए गये सेमिनार/सम्मेलन/आदान–प्रदान कार्यक्रम (भारत के बाहर) 128

IX. वर्ष 2010–11 मे कार्यक्रम जिनमें आयोग के अधिकारियों द्वारा भाग लिया गया। (भारत में) 129

X. वर्ष 2010–11 के लिए लेखा परीक्षित वार्षिक लेखा 130

XI. (31–03–2011 के अनुसार) आयोग के अध्यक्ष, सदस्य और कर्मचारियों के ई–मेल और दूरभाष नम्बर 170

XII. संगठन चार्ट 174

1 आयोग

विद्युत क्षेत्र के लिए स्वतंत्र विनियामक आयोग की परिकल्पना 1990 के दशक के प्रारंभ में उस समय की गई थी, जब 1994 में महाराष्ट्र के तत्कालीन मुख्यमंत्री, श्री शरद पवार की अध्यक्षता में विद्युत संबंधी राष्ट्रीय विकास परिषद् समिति ने "सार्वजनिक और निजी प्रतिष्ठानों की टैरिफ नीतियों को विनियमित करने के लिए क्षेत्रीय स्तर पर स्वतंत्र व्यावसायिक टैरिफ बोर्डों का गठन" करने की सिफारिश की थी। समिति ने यह भी दोहराया था कि "टैरिफ बोर्डों से प्रत्येक क्षेत्र और प्रत्येक राज्य के लिए समुचित विद्युत टैरिफों को तैयार करने के मामले में उच्च स्तर की व्यवसायिकता आ सकेगी।

विनियामक आयोग के गठन की आवश्यकता को 1996 में आयोजित मुख्य मंत्रियों के सम्मेलन में पुनः दोहराया गया। सम्मेलन में, अन्य बातों के साथ–साथ, विद्युत के लिए सामान्य न्यूनतम राष्ट्रीय कार्रवाई योजना की बात को व्यक्त करते हुए, यह सहमति हुई कि राज्य विद्युत बोर्डों में सुधार और पुनर्संरचना करना आवश्यक है तथा इनको एक निश्चित समय के भीतर पूरा किया जाना चाहिए और इस दिशा में एक उपाय के रूप में विनियामक आयोग को बनाने की बात को समझा गया।

इस प्रकार, केन्द्र तथा राज्यों में विनियामक आयोगों को बनाने के लिए विद्युत विनियामक आयोग (ईआरसी) अधिनियम, 1998 अधिनियमित किया गया।

1998 का अधिनियम टैरिफ विनियमन से सरकार को अलग रखने के उद्देश्य से अधिनियमित किया गया था। अधिनियम में विद्युत टैरिफ सहायिकियों आदि के बारे में, पारदर्शी नीतियों के सुव्यवस्थीकरण के लिए केन्द्र तथा राज्यों में विद्युत विनियामक आयोगों के लिए उपबंध किया गया। इस अधिनियम के उपबंधों के अधीन केन्द्रीय सरकार ने, जुलाई, 1998 में केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (केविविआ) का गठन किया। चूंकि, अब विद्युत विनियामक आयोग अधिनियम, 1998 को विद्युत अधिनियम, 2003 द्वारा प्रतिस्थापित कर दिया गया है, विद्युत विनियामक आयोग अधिनियम, 1998 के उपबंधों के अधीन सृजित सीईआरसी को विद्युत अधिनियम, 2003 के अधीन केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग के रूप में मान्यता दी गई है।

आयोग अर्ध–न्यायिक–हैसियत में कार्य करता है। इसे सिविल न्यायालय की शक्तियां प्राप्त हैं। इसमें एक अध्यक्ष, तीन पूर्णकालिक सदस्य और केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण (के.वि.प्रा.) के अध्यक्ष, पदेन सदस्य के रूप में शामिल हैं। स्वतंत्र विनियमन से संबंधित मुद्दों पर विचार करते समय, एक बहुविषयक दृष्टिकोण की आवश्यकता को स्वीकार करते हुए, अधिनियम यह विहित करता है कि अध्यक्ष और सदस्य ऐसे व्यक्ति होंगे, जिन्हें इंजीनियरी, विधि, अर्थशास्त्र, वाणिज्य, वित्त अथवा प्रबंधन में पर्याप्त ज्ञान और अनुभव प्राप्त हो। यह आयोग में निरूपित की जाने वाली विभिन्न विधाओं के एक व्यापक स्वरूप को भी निर्धारित करता है। अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति अधिनियम में यथा विहित केन्द्रीय सरकार द्वारा गठित एक चयन समिति की सिफारिश पर भारत के राष्ट्रपति द्वारा की जाती है। अधिनियम एक सचिव की नियुक्ति के लिए भी उपबंध करता है, जो अध्यक्ष के नियंत्रणाधीन कार्य करता है और जिसकी शक्तियां और कर्तव्य आयोग द्वारा परिभाषित किए जाते हैं।

विद्युत अधिनियम, 2003 ने केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग के उत्तरदायित्व में एक महत्वपूर्ण अभिवृद्धि की है। विद्युत विनियामक आयोग अधिनियम, 1998 के अधीन केवल टैरिफ नियतन की शक्तियां ही केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग में विहित थी। 2003 की नई विधि के अधीन केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग को टैरिफ नियतन की शक्तियों के अतिरिक्त विभिन्न अन्य उत्तरदायित्व सौंपे गए हैं जैसे अन्तर–राज्यिक पारेषण, अन्तर–राज्यिक व्यापार के लिए अनुज्ञप्ति प्रदान करने और परिणामस्वरूप लाइसेंस में संशोधन करने, उसे

निलंबित और निरस्त करने की शक्तियां, लाइसेंसधारियों के लिए निष्पादन मानक बनाकर और उनका पालन सुनिश्चित करते हुए विनियमित करने की शक्तियां, आदि।

अधिदेश

जैसा विद्युत अधिनियम, 2003 द्वारा दायित्व सौपा गया है, आयोग निम्नलिखित कृत्यों का निर्वहन करने के लिए उत्तरदायी है:–

(1) केन्द्रीय सरकार के स्वामित्व वाली अथवा उसके द्वारा नियंत्रित उत्पादन कम्पनियों के टैरिफ का विनियमन करना:

(2) खण्ड (क) में विनिर्दिष्ट केन्द्रीय सरकार के स्वामित्व वाली या उसके द्वारा नियंत्रित उत्पादन कम्पनियों से भिन्न उत्पादन कम्पनियों के टैरिफ का विनियमन करना यदि ऐसी उत्पादन कम्पनियां एक राज्य से अधिक राज्यों में विद्युत के उत्पादन और विक्रय के लिए संयुक्त स्कीम में शामिल होती हैं या अन्यथा उनकी ऐसी कोई संयुक्त स्कीम है;

(3) विद्युत के अंतर–राज्यिक पारेषण को विनियमित करना;

(4) विद्युत के अंतर–राज्यिक पारेषण के लिए टैरिफ अवधारित करना;

(5) किन्हीं व्यक्तियों को पारेषण अनुज्ञप्तिधारी और उनकी अंतर–राज्यिक संक्रियाओं की बाबत विद्युत व्यापारी के रूप में कृत्य करने के लिए अनुज्ञप्तिधारी जारी करना;

(6) उपर्युक्त खण्ड (क) से खण्ड (घ) तक से संबंधित विषयों के संबंध में उत्पादन कंपनियों या पारेषण अनुज्ञप्तिधारी का अंतर्वलित करने वाले विवादों का न्यायनिर्णयन करना तथा माध्यस्थम् के लिए किसी विवाद को निर्दिष्ट करना;

(7) अधिनियम के प्रयोजनों के लिए फीस की उदगृहित करना;

(8) ग्रिड मानकों को ध्यान में रखते हुए ग्रिड कोड विनिर्दिष्ट करना;

(9) अनुज्ञप्तिधारियों द्वारा सेवा की गुणवत्ता, निरंतरता और विश्वसनीयता की बाबत मानकों को विनिर्दिष्ट और प्रवृत्त करना;

(10) विद्युत के अन्तर–राज्यिक व्यापार में, यदि आवश्यक समझा जाए, व्यापार अंतर को नियत करना;

(11) ऐसे अन्य कृत्यों का निर्वहन करना जो अधिनियम के अधीन समनुदेषित किए जाएं।

(12) केन्द्रीय सरकार को निम्नलिखित पर सलाह देना:

(क) राष्ट्रीय विद्युत नीति और टैरिफ नीति बनाना;

(ख) विद्युत उद्योग के क्रियाकलाप में प्रतिस्पर्धा, दक्षता और मितव्ययिता का संवर्धन करना;

(ग) विद्युत उद्योग में विनिधान का संवर्धन को बढ़ावा देना; और

(घ) केन्द्रीय सरकार द्वारा केन्द्रीय आयोग को निर्दिष्ट कोई अन्य विषय।



2 मिशन विवरण

आयोग की भारी विद्युत बाजारों में प्रतिस्पर्धा, कार्यकुशलता और मितव्ययिता को बढ़ावा देने, सप्लाई की गुणवत्ता में सुधार करने, मांग आपूर्ति के अन्तर, जिससे ग्राहकों के हितों का सम्पोषण हो, को पाटने के लिए संस्थागत बाधाओं को दूर करने के संबंध में सरकार की सलाह देने की योजना है। इन उद्देश्यों के अनुसरण में, आयोग का उद्देश्यः

- एक कारगर टैरिफ निर्धारण तंत्र को तैयार करना जिससे थोक विद्युत और पारेषण सेवाओं की कीमत के संबंध में मितव्ययिता और कार्यकुशलता और न्यूनतम लागत पर निवेश सुनिश्चित होगा,
- भारतीय विद्युत ग्रिड कोड, उपलब्धता आधारित टैरिफ (ए.बी.टी.) के माध्यम से क्षेत्रीय ट्रांसमिशन प्रणालियों के प्रचालन और प्रबंधन में सुधार करना,
- अन्तर–राज्यिक पारेषण में निर्बाध पहुंच को सुकर बनाने, अंतर–राज्यिक व्यापार को सुकर बनाने के लिए एक बाजार संरचना के सृजन द्वारा विद्युत बाजार के विकास को प्रोत्साहन देना।

मार्गदर्शक सिद्धांत

- मिशन विवरण और इसके उद्देश्यों को अग्रसर करने के लिए आयोग का मार्गदर्शन निम्नलिखित सिद्धांतों द्वारा किया जाता हैः
- सभी पणधारियों (स्टॉक होल्डरों) के प्रति पारदर्शी और निष्पक्ष रहते हुए उपभोक्ता और आपूर्तिकर्ताओं के हितों सहित समाज के हित का संरक्षण,
- पक्षकारों को सुने जाने के पर्याप्त और समान अवसर दिए जाने के पश्चात् याचिकाओं के माध्यम से इसके समक्ष लाए गए विवाद समाधान में निष्पक्ष रहना,
- एक ओर विचारों में संगत रहते हुए विनियामक निश्चितता बनाए रखना और दूसरी ओर उभरते हुए विद्युत क्षेत्र में खुले मन से परिवर्तनों को अंगीकार करना,
- यह सुनिश्चित करने के लिए अपने विनियम बनाने में पणधारी परामर्श और भागीदारी प्रक्रिया अपनाना जिससे कि विनियम यथासम्भव पणधारियों की आशाओं के अनुरूप हों,
- विनियामक और बाजार आधारित तंत्र का प्रयोग करते हुए विद्युत क्षेत्र में स्त्रोतों का अनुकूल आबंटन सुनिश्चित करना,
- विद्युत उत्पादन में नवीकरणीय स्त्रोतों के संवर्धन द्वारा कायम रखने योग्य विकास को प्रोत्साहित करना।

3

वर्ष 2010–11 के दौरान आयोग के अध्यक्ष तथा सदस्यों का संक्षिप्त विवरण

डॉ. प्रमोद देव ने 09 जून, 2008 को केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग के सदस्य के रूप में पदभार ग्रहण किया। डॉ. प्रमोद देव भारत में सबसे अधिक लम्बे समय से विद्युत विनियामक से जुड़े हुए हैं। डॉ. देव ने 29 अप्रैल, 2002 को एमईआरसी के सदस्य के रूप में पदभार ग्रहण किया तथा 11–02–2005 को इन्हें अध्यक्ष के रूप में पदोन्नत किया गया।

भौतिक शास्त्र में स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त डॉ. देव ने अवसंरचना अर्थशास्त्र में डाक्टरेट की है तथा इन्होंने ऊर्जा नीति तथा अर्थशास्त्र में पोस्टडाक्टरेट अनुसंधान किया है। ये ऊर्जा योजना, ऊर्जा प्रबंधन तथा विनियामक पद्धति संबंधी तीन पुस्तकों के सह–लेखक भी हैं।

डॉ. देव को भारतीय प्रशासनिक सेवा (आई.ए.एस.) का 30 वर्षों का अनुभव हैं जिसमें 20 वर्ष का अनुभव ऊर्जा क्षेत्र में नीति तथा परियोजना प्रबंधन के दोनों स्तर में है। इन्होंने भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय, महाराष्ट्र सरकार के ऊर्जा विभाग तथा संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) तथा प्रौद्योगिकी ऐशियाई संस्थान (एआईटी) जैसे अंतरराष्ट्रीय संस्थान में ऊर्जा क्षेत्र में कार्य किया है।

महाराष्ट्र सरकार के ऊर्जा विभाग में राज्य विद्युत सुधार विधेयक, 2000 के प्रारूपण में इनका प्रमुख योगदान था। इस अवधि के दौरान, इनके पास पर्यावरण विभाग का समवर्ती प्रभार भी था।

इन्होंने पांच वर्ष (1993–98) तक डेनमार्क में अवस्थित ऊर्जा, जलवायु तथा धारणीय विकास (यूआरसी) संबंधी यूएनईपी रिसोई केन्द्र में वरिष्ठ ऊर्जा अर्थशास्त्री के रूप में कार्य किया है। इन्होंने इस केन्द्र की ओर से जलवायु परिवर्तन संबंधी ढांचा अभिसमय पर प्रभावी रूप से कार्य करने के लिए मिस्र, जार्डन तथा मलेशिया को सुसज्जित करने हेतु वैश्विक पर्यावरण सुविधा (जीईएफ) क्षमता निर्माण प्रस्तावों के विकास पर यूएनडीपी के लिए कार्य किया है। डॉ. देव की सभी ऊर्जा पर्यावरण परियोजनाओं तथा जलवायु परिवर्तन प्रशमन अध्ययनों में व्यापक रूप से ऊर्जा क्षेत्र सुधार, ऊर्जा दक्षता तथा संरक्षण विकल्प सम्मिलित रहे।

डॉ. देव क्रमशः, नवीकरणीय ऊर्जा तथा ऊर्जा दक्षता का संवर्धन करने के लिए स्थापित राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर के ऊर्जा संस्थानों, अर्थात महाराष्ट्र ऊर्जा विकास एजेंसी (1986–88) तथा ऊर्जा प्रबंधन केन्द्र (1989–1993) के संप्रवर्तक निदेशक थे। अंततः इस ऊर्जा प्रबंधन केन्द्र को ऊर्जा दक्षता एआईटी, ब्यूरो (बीईई), जो एक कानूनी निकाय है के रूप में ऊर्जा संरक्षण अधिनियम, 2001 के अधीन उन्नत किया गया है।

इन्होंने 1993 में विश्व बैंक में अल्प–कालिक परामर्शक के रूप में तथा वर्ष 1985 से 1986 तक, बैंकाक में अनुसंधान इंजीनियर के रूप में भी कार्य किया।

डॉ. देव को पवन ऊर्जा के प्रसार में उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए विश्व पवन ऊर्जा संगम से विश्व पवन ऊर्जा पुरस्कार, 2005 से सम्मानित किया गया है। भारतीय औद्योगिक महासंघ (सीटू) ने वर्ष 2006 के लिए "विख्यात व्यक्तित्व–ऊर्जा प्रबंधन" नामक राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए उनका चयन किया।

डॉ. प्रमोद देव
अध्यक्ष
(09–06–2008 से कार्यभार ग्रहण किए हुए हैं)

श्री जयरमण मद्रास विश्वविद्यालय से विज्ञान में स्नातक हैं तथा ये भारतीय लागत तथा लेखा संकर्म संस्थान के अध्येता सदस्य हैं। 10 मई,1948 को जन्मे श्री जयरमण के पास सरकार तथा सरकारी क्षेत्र की कंपनियों में 35 वर्ष से अधिक का अनुभव है तथा इन्होंने वित्त और प्रबंधन, दोनों में, अनेक प्रकार के कार्य किए हैं जिनमें से 20 वर्ष तक इन्होंने बोर्ड स्तर की जिम्मेदारियां निभाई हैं।

इन्होंने नेशनल एल्म्यूमिनियम कम्पनी लिमिटेड (नालको) में अपना वरिष्ठ स्तर का पद धारण किया जहां इन्होंने विभिन्न हैसियत से अनेक सफलतापूर्वक कार्य किए जिससे 40 वर्ष की युवावस्था में 1988 में खनिज अन्वेषण विकास निगम लिमिटेड (एमईसीएल) (सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी) के निदेशक (वित्त) के लिए इनका मार्ग प्रशस्त हो गया। उसके पश्चात् इन्होंने वर्ष 1993 में निदेशक (वित्त) के रूप में सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी एनएमडीसी में पदभार ग्रहण किया। इन्होंने 1998 में नेवेली लिग्नाइट कारपोरेशन लि. में निदेशक (वित्त) के रूप में पदभार ग्रहण किया तथा तत्पश्चात् इन्हें 01–07–2002 से 31–05–2008 तक नवेली लिग्नाइट कारपोरेशन लि. के अध्यक्ष तथा प्रबंध निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया।

उच्च प्रबंधन दल के भाग के रूप में, श्री जयरमण वास्तविक तथा वित्तीय लक्ष्यों की पूर्ति के उद्देश्य से समुचित लक्ष्य तय करने व योजना बनाने, परियोजनाओं के लिए हर प्रकार के मार्गदर्शन तथा सहायता में सहबद्ध रहे। इन्होंने दीर्घ–कालिक कारपोरेट योजना, विस्तृत विनिधान योजना, वार्षिक योजना आदि को तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की।

इनके पास औद्योगिक, वाणिज्यिक तथा निगमित स्तरों का उत्तम ज्ञान है। इनके पास वृहत् खनन तथा बिजली परियोजनाओं को तैयार करने तथा ऐसी परियोजनाओं को सफलतापूर्वक कार्यान्वित करने में काफी अनुभव रहा है। इनके पास वृहद संगठनों का प्रशासन करने का काफी लंबा अनुभव है।

इन्होंने यूनाइटेड किंगडम में विख्यात संस्थान, मैनेजमेंट कालेज, हिंले ऑन थोमस, हिनले द्वारा संचालित कार्यनीतिक प्रबंधन कार्यक्रम में भाग लिया। इन्होंने वित्तीय प्रबंधन, प्रबंधन लेखांकन, विदेशी विनिमय, डब्ल्यूटीओ आदि जैसे विषयों पर अपने कैरियर के प्रारंभ में विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भी भाग लिया है।

इन्होंने अनेक दशों का भ्रमण किया जिनमें यूनाइटेड किंगडम, यूएसए, फ्रांस, जापान, मारीशस, सिंगापुर, मलेशिया, जापान, हांगकांग, जर्मनी सम्मिलित हैं।

श्री एस. जयरमण
सदस्य
(11 सितंबर, 2008 से पदासीन)

श्री वी एस वर्मा देश में थर्मल बिजली तथा उत्पादन क्षमता के लिए योजना के क्षेत्र में एक सुविदित विशेषज्ञ हैं। श्री वर्मा ने वर्ष 1971 में आईआईटी रूड़की (तत्कालीन रूड़की विश्वविद्यालय) से यांत्रिक इंजीनियरिंग में स्नातक की शिक्षा पूरी तथा इन्होंने वर्ष 1975 में रूड़की से यांत्रिक इंजीनियरिंग में एप्लाइड थर्मोसाइंस से मास्टर डिग्री प्राप्त की। इन्होंने आगरा विश्वविद्यालय से बीएससी भी की तथा जो अब एफआईई के नाम से ज्ञात है। श्री वर्मा ने 23 फरवरी, 2009 के पूर्वाहन को केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग के सदस्य के रूप में पदभार ग्रहण किया। सीईआरसी में सदस्य का पदभार ग्रहण करने से पहले श्री वर्मा, केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण में सदस्य (योजना) तथा भारत सरकार के पदेन अपर–सचिव के पद पर थे। श्री वर्मा ने थोड़े समय के लिए सीईए में सदस्य (हाइड्रो) के पद का कार्य भी देखा। गत हाल में, ये तीन वर्ष के लिए ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशियएंसी के महानिदेशक भी रहे।

श्री वर्मा 1971 बैच के केंद्रीय पावर इंजीनियरिंग सेवा से संबंधित है। सीईए में विभिन्न विरचनाओं में बिजली क्षेत्र में 36 वर्ष के लंबे सेवा में, श्री वर्मा ने योजना, थर्मल पॉवर प्लांट इंजीनियरिंग, बिजली परियोजना निगरानी परियोजना निर्माण, पर्यवेक्षण, प्रचालन मानीटरिंग, मानव संसाधन विकास, ग्रिड प्रचालन, बिजली संयंत्रों के नवीकरण तथा आधुनिकीकरण तथा अन्य नीति पहलुओं में व्यापक तथा मूल्यवान अनुभव अर्जित किया। बिजली की योजना, भार भविष्यवाणी, संरक्षण तथा दक्षता, राष्ट्रीय विद्युत योजना, सीडीएम, बेसलाइन डाटा आदि सदस्य (योजना), सीडीए के रूप में उनकी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां थी। श्री वर्मा ने विद्युत क्षेत्र में ईंधन प्रबंधन, अनुसंधान एवं विकास तथा आई टी के क्षेत्र की देखरेख की। श्री वर्मा ने देश में विभिन्न क्षेत्रों में ऊर्जा संरक्षण, मानक तथा लेवलिंग तथा बिजली दक्षता का संवर्धन करने के लिए महत्वपूर्ण पहल की।

श्री वर्मा ने सरकार द्वारा गठित विभिन्न समितियों की अध्यक्षता की जिसमें नेशनल मिशन ऑफ एंहान्सड एनर्जी एफिसिएंसी के अधीन जलवायु परिवर्तन के लिए राष्ट्रीय कार्रवाई योजना संबंधी कार्यकारी समूह, उत्तर–पूर्वी क्षेत्र में बिजली क्षेत्र के विकास के लिए कार्रवाई योजना की विरचना के लिए कार्यदल, लद्दाख, जम्मू–कश्मीर के पुगा जियो थर्मल क्षेत्रों में जियो–थर्मल आधारित संभावित ऊर्जा उत्पादन का अध्ययन करने के लिए नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय एमएन–आरई द्वारा नियुक्त विशेषज्ञ समिति, ग्यारहवीं योजना के लिए बिजली क्षेत्र के अनुसंधान तथा विकास का कार्यकारी समूह, 17 वीं बिजली सर्वेक्षण समिति तथा अन्य, योजना आयोग द्वारा गठित ग्यारहवीं योजना के लिए बिजली संबंधी कार्यकारी समूह के सदस्य–सचिव, माननीय प्रधानमंत्री द्वारा घोषित 50,000 मेगावाट हाइड्रो बिजली में एक अग्रिम भूमिका अदा की। इन्होंने भारतीय बिजली में सीओ 2 बेसलाईन डाटा के प्रकाशन तथा प्रचालन की दक्षता को अनुकूल बनाने के लिए देश में थर्मल विद्युत केन्द्रों की मैपिंग की भी अगुवाई की।

श्री वर्मा योजना आयोग द्वारा गठित विद्युत क्षेत्र में अनुसंधान तथा विकास संबंधी स्थायी समिति के सदस्य रहे हैं तथा इनके नेतृत्व में व्यापक अनुसंधान तथा विकास परिप्रेक्ष्य योजना तैयार की गई। श्री वर्मा ने विभिन्न शासकीय कार्यों के लिए यूके, यूएसए, यूएसएस और वियतनाम, केन्या, गुयाना, नाईजीरिया, पोलैण्ड, ब्रूसेल्स तथा जर्मनी का दौरा किया है। इन्होंने बिजली संबंधी विभिन्न राष्ट्रीय

तथा अंतरराष्ट्रीय सेमिनारों तथा कार्यशालाओं में बिजली क्षेत्र से संबंधित 50 से अधिक तकनीकी पेपरों को प्रकाशित किया तथा उन्हें प्रस्तुत किया। श्री वर्मा उत्पादन तथा पारेषण क्षमताओं के अनुकूलतम उपयोग, बिजली अंतर–राज्यिक तथा अंतर–राज्यिक विनिमय, उत्पादन अनुसूचीकरण तथा लेखांकन आदि से संबंधित पूर्वी क्षेत्रीय विद्युत बोर्ड में बिजली प्रणाली मानीटरिंग तथा ग्रिड प्रचालन के लिए उत्तरदायी रहे। श्री वर्मा ने दो वर्ष तक पावर सिस्टम ट्रेनिंग इंस्टिटयूट तथा हाट लाइन ट्रेनिंग सेंटर पर मानव संसाधन प्रबंधन विकास तथा प्रणाली प्रबंधन का संचालन किया। श्री वर्मा को केन्द्रीय सिंचाई तथा विद्युत बोर्ड तथा भोपाल प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा आजीवनकाल उपलब्धि पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

श्री वर्मा केन्द्रीय विद्युत अनुसंधान संस्थान, राष्ट्रीय विद्युत प्रशिक्षण संस्थान, पवन ऊर्जा प्रौद्योगिकी केन्द्र, दामोदर घाटी निगम आदि जैसे विभिन्न संस्थानों के शासी परिषद/निदेशक बोर्ड में भी रहे हैं।

श्री वी. एस. वर्मा
सदस्य
(23 फरवरी, 2009 से पदासीन हैं)

श्री एम. दीन दयालन (जन्म तिथि 22-फरवरी, 1950) को भारत सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों तथा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में कार्य करने का 37 वर्षों से अधिक का अनुभव है।

श्री दयालन ने अपने जीवन की शुरूआत क्षेत्रीय इंजीनियरिंग कालेज, त्रिचिरापल्ली, तमिलनाडु (1972) में रसायन विज्ञान के व्याख्याता के रूप में की और फिर इण्डियन बैंक, जो एक राष्ट्रीयकृत बैंक है, में पदभार ग्रहण किया जहां इन्होंने विभिन्न कार्यकारी पदों पर लगभग 6 वर्ष तक सेवा की। इसके बाद उन्होंने भारत सरकार में प्रवेश किया और 1978 में भारतीय लेखा परीक्षा एवं लेखा सेवा में शामिल हो गए। श्री दयालन ने राज्यों और उनके सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की लेखा–परीक्षा एवं लेखा देखरेख के मध्यम व वरिष्ठ प्रबंधन स्तरों पर विभिन्न पदों पर कार्य किया है।

विशेष रूप से श्री दयालन ने हरियाणा और केरल में महालेखाकार के पद पर सेवा की है। इन्होंने दूरसंचार विभाग में महाप्रबंधक (वित्त) के पद पर भी कार्य किया है और इसे बीएसएनएल के रूप में निगम बनाए जाने के दौरान कार्य किया है। इन्होंने भारत के नियन्त्रक एवं महालेखा परीक्षक के कार्यालय में राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण, प्रशासन तथा राज्य राजस्व विभाग की लेखा परीक्षा रिपोर्टों के प्रभारी निदेशक के पद पर सेवा की है।

गत 6 वर्षों से श्री दयालन वित्त मंत्रालय में संयुक्त सचिव एवं वित्त सलाहकार रहे हैं, जिसमें सभी विभाग अर्थातः राजस्व, व्यय, आर्थिक कार्य, वितीय सेवा एवं विनिवेश विभाग तथा प्रधानमंत्री कार्य तथा मंत्रिमण्डल सचिवालय, राष्ट्रपति कार्यालय, उपराष्ट्रपति कार्यालय, संसदीय कार्य मंत्रालय, लोकसभा, राज्यसभा, तथा उच्चतम न्यायालय सहित विविध विभाग शामिल हैं। ये 1994 से भारत सरकार के संयुक्त सचिव के समतुल्य पद पर और 2006 से अपर सचिव के पद पर आसीन रहे हैं।

श्री दयालन ने सिंडिकेट बैंक में सरकार के नामिती निदेशक, पेंशन निधि विनियामक विकास प्राधिकरण के बोर्ड के अंशकालिक सदस्य तथा भारतीय सुरक्षा मुद्रण एवं टकसाल निगम में सरकार के नामिती निदेशक के रूप में कार्य किया है। श्री दयालन गैर–बैंकिंग वित्तीय कम्पनियों के अपील प्राधिकरण के सदस्य के रूप में कार्य करते रहे हैं।

श्री दयालन रसायन विज्ञान में स्नातकोत्तर तथा लीड्स विश्वविद्यालय, यू.के. से कारपोरेट वित्त में एमबीए की उपाधि से सम्मानित हैं।

श्री दयालन को संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय, न्यूयार्क में संयुक्त राष्ट्र संघ तथा हनोई वियतनाम स्थित संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायोग की लेखा परीक्षा में विविध एवं व्यापक अनुभव है।

श्री दयालन सरकारी सेवा से 26–02–2010 को सेवानिवृत्त हुए।

श्री एम. दीन दयालन
सदस्य
(04 मार्च, 2010 से पदासीन हैं)

4

पूर्व वर्ष-एक अवलोकन

4 पूर्व वर्ष–एक अवलोकन

यह वर्ष बिजली क्षेत्र में सुधारों को आगे बढ़ाने में केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (सीईआरसी) की सक्रिय पहल में महत्वपूर्ण गतिविधियों का साक्षी है।

वर्ष के दौरान सबसे महत्वपूर्ण घटना अंतर–राज्यिक पारेषण प्रभारों तथा हानियों की हिस्सेदारी संबंधी पर जून 2010 के विनियमों को जारी करना था। इन विनियमों ने पारेषण प्रणाली के विभिन्न उपयोगकर्ताओं के बीच इन पारेषण प्रभारों के आवंटन में एक मिसाल कायम की है। राष्ट्रीय विद्युत नीति (एन. ई. पी.) तथा टैरिफ नीति (टी.पी) की उत्साही भावना से ही नई व्यवस्था विद्युत प्रवाह की दूरी, दिशा तथा मात्रा के प्रति संवेदनशील है। यह विद्युत क्षेत्र के विकास एवं प्रतिस्पर्धा की मांग तथा निर्बाध पहुंच की आवश्यकता की ओर ध्यान दिलाती है। अंतर–राज्यिक पारेषण स्कीम उपयोगकर्ताओं को वैज्ञानिक पद्धति पर आधरित पारेषण प्रणाली के लिए अब भुगतान करना होगा जो कि उनके उपयोग और पहुंच को ध्यान में रखती है। विद्युत प्रवाह की दूरी भौतिकी के नियमों के द्वारा विद्युत प्रवाह के रूप में विद्युतीय दूरी को दर्शाती है न कि **अनुबंध** पथ के द्वारा। उत्पादन और मांग प्रभारों के पृथकीकरण की दिशा संवेदनशीलता को ग्रहण किया जाता है। इन विनियमों द्वारा समुचित पारेषण प्रभारों को ध्यान में रखते हुए, उत्पादन क्षमता का पता लगाने के लिए सिटिंग सिग्नल्स को प्रदान करने की भी संभावना जताई गई है। नये मूल्य पारेषण तंत्र के लागू होने के साथ ही जहाँ पारेषण प्रभार अवस्थापित रूप से अलग–अलग होते हैं, उत्पादको को पारेषण प्रभार तथा ईंधन की परिवहन लागत दोनों, पर ध्यान रखना होगा। कनेक्शन प्वाईंट पारेषण मूल्य निर्धारण तंत्र पहले के दौर की अनेक कमियों, विशेष रूप से, क्षेत्रों के बीच प्रति–सहायिकीकरण तथा प्रभारों के पेनेकिंग की कमियों पर काबू पाता है।

वर्ष के दौरान एक अन्य महत्वपूर्ण विनियामक पहल केन्द्रीय पारेषण उपयोगिता (सी.टी.यू.) को आई.एस.टी. एस. के निष्पादन के लिए विनियामक अनुमोदन प्रदान करने संबंधी विनियमों की जानी थी। इस पहल के साथ ही राष्ट्रीय विद्युत नीति के प्रत्याशित पारेषण की आवश्यकता को पहचानकर, जो प्रणाली में घटित हो सकती है, नेटवर्क के विस्तार करने के लिए सी.टी.यू. /एस.टी.यू. की आवश्यकता संबंधी महत्वपूर्ण परिप्रेक्ष्य पूरा हुआ है। ये विनिमय पूरे क्षेत्र में या उसके भीतर बिजली की विश्वसनीय, दक्ष, समन्वित और मितव्ययी प्रवाह को समर्थ करने के लिए सी.टी.यू. द्वारा पहचाने गए प्रणाली सुदृढीकरण उन्नयन के लिए आई.एस.टी. एस. पर भी लागू होते हैं। इन विनियमों के अनुसरण मे, आयेग ने 58000 करोड़ रूपये की सीमा तक शामिल नौ उच्च क्षमता विद्युत पारेषण कारीडोर के निष्पादन के लिए विनियमन की मंजूरी दी है। यह विनियामक अनुमोदन अपनी तरह का एक ही है तथा एक व्यापक तरीके से स्वतंत्र बिजली उत्पादकों के लिए एकीकृत पारेषण प्रणाली विकसित करने के लिए आयोग की दृढ़ निश्चयता को दर्शाता हैं

आयोग द्वारा देश में ग्रिड के प्रचालन में कठोर अनुशासन लाने के लिए एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। भारतीय विद्युत संहिता (आई.ई.जी.सी.) ग्रिड और अनुसूचित विनिमय (यू. आई) के नियमों में संशोधन के माध्यम से इस संदेश को सभी को और अधिक जोरदार ढंग से किया गया है कि बिजली में ट्रेडिंग के लिए यू. एल. का एक मार्ग के रूप में उपयोग नहीं किया जाना चाहिए। प्रचालन के अनुमेय आवृत्ति बैंड की रेंज को पहले 49.2–50.3 हर्टज सीमा से 49.5–50.2 हर्टज किया गया है। तदनुसार, अनुसूची से विचलन के लिए प्रभारों को भी विचलन के 40 फीसदी अतिरिक्त यू.आई प्रभार के रूप में एक संतुलन के साथ बढ़ाया गया है जब आवृत्ति 49.5 हर्टज से कम हो और अतिरिक्त यू.आई. प्रभार 100 फीसदी हो जब आवृत्ति 49.2 हर्टज से कम हो। इन नियमों के लागू होते ही ग्रिड का प्रचालन और अधिक स्थिर, सुरक्षित और मितव्ययी होने की सेभावना है।

आयोग ने कई पहलों के माध्यम से हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने के प्रति अपनी वचनबद्धता दोहराई है। ग्रिड संयोजकता मुख्य धारा वाले नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के लिए हमेशा एक बाधा बनी हुई है। ग्रिड एकीकरण से संबंधित मुद्दों पर ध्यान देने के लिए हाइड्रो उत्पादन केन्द्रों तथा 50 मेगावाट तथा नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों का उपयोग करने वाले अन्य उत्पादन केन्द्रों के लिए सी.टी.यू. की संयोजकता को सुकर बनाने के लिए आयोग ने अपने संयोजकता विनियमो को संशोधित किया। हाइड्रो या 50 मेगावाट और इसके अधिक की क्षमता वाले नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादक व्यक्तिगत या सामूहिक रूप से संयोजकता के लिए सी.टी.यू. से अनुराध कर सकते हैं।

आयोग ने जनवरी, 2010 में नवीकरणीय ऊर्जा प्रमाणपत्र आर.ई.सी. जारी किए थे। आर.ई.सी. तंत्र की नवीकरणीय ऊर्जा और इस क्षेत्र में उत्साहजनक प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने की दिशा में एक प्रमुख पहल के रूप में देखा जाता है। यह उच्च क्षमता के क्षेत्रों में नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के दोहन और संसाधन की कमी वाले राज्यों द्वारा नवीकरणीय क्रयबाध्यता के साथ अनुपालन के दोहरे उद्देश्य पर ध्यान देता है। इस महत्वपूर्ण ढांचे को भारत में हरित ऊर्जा के विकास में एक नए युग के अग्रदूत के रूप में औपचारिक रूप से नवम्बर 2010 में शुरू किया गया। आर.ई.सी. पर पहला व्यापारिक सत्र 31 मार्च, 2011 को आयोजित किया गया था। इस ढांचे के कार्यान्वयन को दुनिया भर में पणधारियों द्वारा गहरी रूचि के साथ देखा जा रहा है।

वर्ष के दौरान आर.ईसी. बाजार में मुनाफा कमाने के लिए पी.पी.ए. का उल्लंघन करने पर उत्पाद्क के लिए विकृत प्रोत्साहन से जुड़े मुद्दों पर ध्यान देने के लिए आर.ईसी. से संबंधित विनियमों को भी संशोधित किया गया। ये संशोधन आर.ई.सी. तंत्र में नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत पर आधारित कैप्टिव उत्पादकों की भागीदारी की गुंजाइश को भी परिभाषित करते है।

आयोग ने अधिनियम के अधीन अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए अंतवर्ती पारेषण सुविधा के उपयोग के लिए दरों, प्रभारों तथा निबंधन तथा शर्तो को विनिर्दिष्ट करने वाले महत्वपूर्ण विनियमन जारी भी किए हैं। इन विनियमों के साथ अंतवर्ती पारेषण का उपयोग सरल हो जाएगा और निबंधनों तथा शर्तो, जिसमें अंर्तवर्ती प्रणाली के उपयोग के लिए दरें तथा प्रभार भी सम्मिलित हैं, का व्यवस्यापन सुकर होगा दीर्घ काल में, इससे राज्यों और क्षेत्रों में बिजली की निर्बाध प्रवाह सुकर होगा।

आयोग द्वारा वर्ष 2009–14 के लिए जारी किए गए जलविद्युत परियोजनाओं के पूंजी लागत की संवीक्षा के लिए जारी दिशा निर्देशों को प्रदान करने के लिए आयोग द्वारा टैरिफ शर्तों और नियमों को जारी किया गया। निवेशकों नें यह आशंका व्यक्त की है कि आयोग द्वारा अग्रिम में पूंजी लागत के अनुमोदन उपबंध के अभाव में परियोजनाओं की वित्तीय समापन अनियत हो सकता है। इस डर निराकरण के लिए, आयोग ने जल विद्युत परियोजनाओं की पूंजीगत लागत का पुनरीक्षण करने के लिए मार्गदर्शक सिद्धांत जारी किए और अपनी पूंजी लागत की संवीक्षा के लिए स्वतंत्र अभिकरणों का पैनल भी बनाया।

लागत प्लस के दौर में, पूंजी लागत सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। पूंजी लागत के विनियामक अनुमोदन की प्रक्रिया में, मजबूती लाने के लिए टैरिफ के अवधारण के उद्देश्य से पूंजीलागत के विकसित मानदण्ड की परिकल्पना के लिए सी.ई.आर.सी. द्वारा नीतियों और विनियमों को तैयार किया गया। वर्ष के दौरान आयोग ने पारेषण के लिए मानदंडित पूँजीगत लागत को विकसित किया।

सदस्य, सी.ई.आर.सी. की अध्यक्षता में सशक्त समिति पारेषण में प्रतिस्पर्धा बोली– प्रक्रिया को सुकर बनाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

इस वर्ष के दौरान, जहां प्रतिस्पर्धा के माध्यम से कीमते निर्धारित हो रहीं थीं। वही सशक्त समिति ने महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लिए बोली को सुकर बनाया। इन सभी मामलों में, लागत टैरिफ की तुलता में खोजपूर्ण कीमतें और अधिक कुशलता से स्थापित हो पाईं।

विद्युत अधिनियम, 2003 ने क्षेत्र में निवेश के प्रोत्साहन के लिए महत्वपूर्ण मुद्दों पर आयोग के लिए भारत सरकार को विधिक सलाह प्रदान करना अनिवार्य कर दिया है। वर्ष के दौरान आयोग ने निर्बाध पहुंच, व्यस्ततम विद्युत संयंत्रों की जरूरत, नवीकरणीय ऊर्जा के संवर्धन, निजी क्षेत्र तथा सार्वजनिक क्षेत्र आदि के लिए पारेषण में प्रतिस्पर्धा और प्रतिस्पर्धात्मक उपाप्ति की आवश्यकता संबंधी अनेक मुद्दों पर सलाह दी।

आयोग की भूमिका विनियामकों के फोरम (एफ.ओ.आर.), भारतीय विनियामकों के फोरम (एफ.ओ.आई.आर.) और दक्षिण एशिया इंफ्रास्ट्रक्चर विनियमन फोरफ (एस.ए.एफ. आई.आर.) की गतिविधियों में अपनी भागीदारी के माध्यम से अन्य क्षेत्रों में भी विस्तारित हुई है। विद्युत अधिनियम 2003, राज्यों में नियमों के लिए आम सहमति और एक सामंजस्य पूर्ण दृष्टिकोण विकसित करने के लिए एफ.ओ.आर. के एक जिम्मेदार संस्था के रूप में परिकल्पना करता है। फोरम की अध्यक्षता, अध्यक्ष के.वि.वि.आ. द्वारा की जाती है और इसके सदस्य राज्य विद्युत विनियामक आयोग के अध्यक्ष होते हैं। के.वि.वि.आ. फोरम के लिए सचिवालय प्रदान करता है और वर्ष के दौरान, इस भूमिका में, के.वि.वि.आ. ने कई महत्वपूर्ण मुद्दों जैसे निर्बाध पहुँच वितरण कंपनियों की व्यावहारिकता, उपभोक्ता संरक्षण, प्रदव्यसहिंता वितरण फ्रेंचाइजी आदि पर मॉडल दिशानिर्देश तथा विनियम विकसित करने में एक सक्रिय भूमिका निभाई है।

भारतीय विनियामक संघ फोरम (एफ.ओ.आई.आर.) एक सोसाइटी है, जो 1999 में, बिजली, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस आदि जैसे विभिन्न क्षेत्रों में नियामकों के प्रतिनिधित्व के साथ गठित हुई। एफ.ओ.आई.आर. के सदस्यों में विमानपत्तन आर्थिक विनियामक प्राधिकरण ए.ई.आर.ए.,भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग सी.सी.ई. और प्रमुख बन्दरगाहों के टैरिफ प्राधिकरण, प्रतियोगिता व विनियमन के लिए कट्स संस्थान, तथा ऊर्जा व संसाधन संस्थान टी.ई.आर.आई आदि भी शामिल हैं। के.वि.वि.आ.ने एफ.ओ.आई.आर.के सचिवालय के रूप में विभिन्न विनियात्मक प्राधिकरणों के बीच प्रतिकूल–कार्यात्मक विचारों तथा अनुभवों के आदान–प्रदान के सहायता प्रदान की है।

यद्यपि एफ.ओ.आर. तथा एफ.ओ.आई.आर. देश के भीतर विनियामकों को शामिल करते हैं। तथापि एस.ए.एफ. आई.आर. एक संगठन है जो दक्षिण एशियाई देशों और विद्युत के अतिरिक्त अन्य क्षेत्रों के सदस्यों को शामिल करता है। एस.एफ.आई.आर. एक संगठन है जो पूरे दक्षिण एशियाई क्षेत्र में बुनियादी ढांचे के विनियामकों के लिए पारस्परिक लाभ और बेहतर निर्णय लेने के अनुभवों को बाँटने के लिए एक मंच प्रदान करता है। वर्ष के दौरान के.वि.वि.आ. ने एस.ए.एफ.आई. आर. के सचिवालय के रूप में दिसम्बर 2010 में काठमांडू (नेपाल) दक्षिण एशिया में, हरित ऊर्जा पहल पर एक कार्यशाला का आयोजन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

5

उपभोक्ताओं को लाभ तथा क्षेत्र के विकास के लिए विनियामक प्रक्रियाओं का निष्कर्ष

5 उपभोक्ताओं के लाभ तथा क्षेत्र के विकास के लिए विनियामक प्रक्रियाओं का निष्कर्ष

5.1. उपभोक्ताओं को लाभ

केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग के मार्गदर्शक सिद्धांतों में से एक नागरिक समाज के हितों की रक्षा करना है जिनमें वे उपभोक्ता और आपूर्तिकर्ता शामिल हैं जो सभी भागीदारों हितधारकों के प्रति उचित, पारदर्शी और तटस्थ रवैया अपनाते हैं। सी.ई.आर.सी. द्वारा उपभोक्तोओं के हितों की सुरक्षा के लिए शुरू की गई निम्नलिखित पहल हैं:–

अ. हरित ऊर्जा

- विद्युत ऊर्जा सुरक्षा तथा जलवायु परिवर्तन के मुद्दों पर ध्यान देने वाली हरित ऊर्जा को बढ़ावा देना।
- आयोग ने नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के ग्रिड कनेक्टीविटी को सुविधाजनक बनाया है तथा नवीकरणीय ऊर्जा प्रमाण पत्र के लिए ढाँचा तैयार करता है।
- इस प्रकार की पहल मुख्यधारा नवीकरणीय ऊर्जा, प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने में सहायता करेगी जिससे प्रतिस्पर्धात्मक मूल्य पर हरित ऊर्जा की उपलब्धता के सन्दर्भ में उपभोक्ता लाभान्वित होंगे।
- ये दीर्घकाल में ऊर्जा निश्चिन्तता को सुनियत करने तथा जलवायु परिवर्तन के विरूद्ध उपभोक्ताओं का बचाव करने।

ब. ग्रिड अनुशासन

- आयोग आदेश देता है कि ग्रिड की स्थिर और सुरक्षित कार्य प्रणाली को सुनियत करना अनिवार्य है ताकि उपभोक्ताओं को निर्बाध रीति से विद्युत प्रवाह को नियत किया जा सके।
- आयोग ग्रिड अनुशासन को उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्यवाई की तथा भारतीय विद्युत ग्रिड कोड (आई.ई.जी.सी.) तथा अनुसूचित विनिमय को सुदृढ करता है।
- इसके द्वारा उपभोक्ताओं को उत्तम श्रेणी की विद्युत आपूर्ति देने की संभावना जताई गई है।

स. उपभोक्ता के लिए विकल्प चयन की सुविधा

- विद्युत अधिनियम 2003 निर्बाध पहुँच की रूपरेखा के लिए उपबंध करता है जो कि उपभोक्ताओं को आपूर्तिकर्ताओं को चुनने के लिए समर्थ बनाता है।
- आयोग ने क्षेत्रों और राज्य भर में विद्युत प्रवाह को बाधित करने के लिए एस.एल.डी.सी, उपयोगिताओं और हितधारकों की कथित कारवाई के खिलाफ आदेश पारित किया है।

- आयोग द्वारा जारी अंतवर्ती पारेषण सुविधाओं के उपयोग के लिए दरें प्रभार तथा निबंधन तथा शर्तें विनिर्दिष्ट करने वाले विनिमयों से निर्बाध पहुँच मॉडल विनियमों की सुगमता की आशा जताई जा रही है।
- एफ.ओ.आर. द्वारा वितरण में निबार्ध पहुँच संबंधी विकसित किए गए है। इससे अंत उपभोक्ताओं द्वारा निबार्ध पहुँच की मांग के लिए प्रक्रियात्मक अपेक्षाओं के मामलों में स्पष्टतता लाता है।

5.2. क्षेत्र का विकास

- क्षेत्र का विकास के लिए आयोग द्वारा उठाए गए कदम इस प्रकार हैं :–

अ. नया पारेषण मूल्य निर्धारण ढांचा

- प्वाइंट ऑफ कनेक्शन (पी.ओ.सी.) पारेषण प्रभार संबंधी पर विनियमों, का उद्देश्य ऊर्जा बाजार के विकास की उभरती जरूरतों, प्रतिस्पर्धा और निर्बाध पहुंच की उभरती हुई आवश्यकता को संबोधित करता है।
- इस प्रक्रिया के द्वारा प्रभारों के पैन केकिंग प्रभाव और क्षेत्रों के बीच की पूर्व पद्धतियों की त्रुटियों को दूर किया जाएगा।
- नई पारेषण मूल्य निर्धारण पद्धति बहु लाईसेंस बहु उपयोक्ता प्रणाली को संबोधित करती है।
- अंतर राज्यिय पारेषण योजना के निष्पादन हेतु विनियामक अनुमोदन :–
- अन्तर राज्यिक पारेषण योजन के निष्पादन हेतु विनियामक अनुमोदन प्रदान करने संबंधी विनिमय सी.टी.यू. को नेटवक्र विस्तार करने, प्रणाली को सुदृढ़ तथा उन्नत करने के लिए राष्ट्रीय विद्युत नीति के परिप्रेक्ष्य का अहसास करवाने में मदद करेंगें तथा संपूर्ण क्षेत्रों के भीतर विद्युत के विश्वसनीय, दक्ष, समन्वित तथा मितव्ययी प्रवाह को सुनियत करेंगे।

ग्रिड अनुशासन

- आवृत्ति बैंड को कड़ा करने और यू.आई दरों में वृद्धि द्वारा ग्रिड के प्रचालन में वांछित अनुशासन लाने की संभावना जताई गई है।
- यह वितरण कंपनियों को विद्युत की प्रापण योजना के लिए भी बाध्य करेगा।

हरित ऊर्जा

- आयोग द्वारा की गई पहल से 50 मेगावाट और इससे अधिक के हाइड्रो तथा नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के लिए सी.टी.यू. को ग्रिड की संयोजकता के लिए सुकर बनाने हेतु नवीकरणीय ऊर्जा के ग्रिड एकीकरण से संबंधित मुद्दों पर ध्यान देने की संभावना जताई जा रही है तथा यह

दीर्घकाल तक देश में नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को बढ़ावा देगी।

- इस वर्ष के दौरान प्रतिस्पर्धा और अंततः मुख्यधारा नवीकरणीय ऊर्जा को प्रोत्साहित करने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा प्रमाण पत्र आयोग की एक बड़ी पहल है।

पारेषण में प्रतिस्पर्धा

- सदस्य सी.ई.आर.सी. की अध्यक्षता में सशक्त समिति पारेषण पारेषण में प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया को सुकर किया है।
- प्रतिस्पर्धा के माध्यम से खोजी कीमतें पारेषण के लिए लागत प्लस टैरिफ की तुलना अधिक प्रभावशाली थी।

6

विनियामक प्रक्रियाएं तथा कार्यवाहियाँ

6 विनियामक प्रक्रियाएं तथा कार्यवाहियाँ

केन्द्रीय आयोग, विद्युत अधिनियम, 2003 के उपबंधों के अधीन अपने निम्नलिखित कृत्यों का निर्वहन करता है–

1. विनियमों को अधिसूचित करता है;
2. निम्नलिखित से संबंधित याचिकाओं पर आदेश जारी करता है–
   - → टैरिफ निर्धारित करना
   - → अनुज्ञप्ति जारी करना
   - → याचिकाओं की पुनर्विलोकन और विविध याचिकाएं।

6.1 विनियमों के लिए प्रक्रिया

आयोग विनियम जारी करने से पूर्व विस्तृत और पारदर्शी प्रक्रिया का पालन करना है। प्रारंभ में, उन मुद्दों पर, जिन पर विनियम बनाया जाना प्रस्तावित है, परामर्श पेपर तैयार किए जाते हैं। प्रायः परामर्श पेपर कर्मचारिवृन्द स्तर पर तैयार किया जाता है और उसे स्टाफ पेपर के नाम से भी जाना जाता है। इसके बाद परामर्श पेपर/स्टाफ पेपर का पणधारियों (स्टेक होल्डरों) से टीका–टिप्पणी और सुझाव आमंत्रित करने के लिए इलैक्ट्रानिक और प्रिंट माध्यम से व्यापक प्रचार किया जाता है।

टीका–टिप्पणी की प्राप्ति पर, मुद्दों पर विस्तृत रूप से विचार–विमर्श करने के लिए सार्वजनिक सुनवाई की जाती है। प्राप्त टीका–टिप्पणियों और सार्वजनिक सुनवाई में हुए विचार–विमर्श के आधार पर प्रारूप विनियम तैयार किया जाता है। अधिनियम की अपेक्षानुसार, प्रास्य विनियमों पर पूर्व प्रकाशन की कार्यवाही की जाती है इससे यह लक्षित होता है कि प्रारूप विनियम पणधारियों से

टीका–टिप्पणी मांगने के लिए प्रकाशित किए जाते हैं। टीका–टिप्पणियों की प्राप्ति और उन पर विचार–विमर्श करने के पश्चात् ही विनियमों को अंतिम रूप से भारत के राजपत्र में प्रकाशित/अधिसूचित किया जाता है तथा कारणों के कथन को पृथक रूप से वेबसाइट पर डाला जाता है।



चित्र.1 पारदर्शी सार्वजनिक परामर्श प्रक्रिया के द्वारा प्रतिपादित विनिमय

6.2 याचिकाओं से संबंधित आदेश के लिए प्रक्रिया

आयोग के समक्ष याचिकाएं/आवेदन प्राथमिक रूप से निम्नलिखित के लिए किए जाते हैं–

- उत्पादन और पारेषण (ट्रांसमिशन) के लिए टैरिफ का निर्धारण करने;
- विद्युत के अंतर–राज्यिक पारेषण और अंतर–राज्यिक व्यापार में अनुज्ञप्ति प्रदान करने;

उपरोक्त के अलावा, निम्नलिखित याचिकाएं/आवेदन भी आयोग के समक्ष फाइल किए जाते हैं–

- विविध याचिकाएं
- पुनर्विलोकन याचिकाएं

आवेदक विहित फीस के साथ याचिकाएं दायर करते हैं और अपनी याचिकाओं की प्रति की सभी संबंधितों को तामील करते हैं। आवेदक से, टैरिफ तथा अनुज्ञप्ति के लिए अपने आवेदन को अपनी वेबसाइड पर प्रकाशित करने और जनता से आक्षेप और सुझाव आमंत्रित करने के लिए समाचारपत्र से नोटिस देने की अपेक्षा की जाती है। तत्पश्चात्, सार्वजनिक सुनवाई की जाती है जहां याचिकाकर्ता और प्रत्यर्थी आयोग के समक्ष अपने मामले का तक्र प्रस्तुत करते हैं। आयोग सभी संबंधित व्यक्तियों की सुनवाई करने के पश्चात् याचिका पर अंतिम आदेश पारित करता है। याचिकाकर्ता और प्रत्यर्थी को, आयोग के समक्ष पुनर्विलोकन करने और विद्युत अपील प्राधिकरण के समक्ष आयोग के आदेश के विरूद्ध अपील करने के लिए विधि के अधीन अनुमति है।

6.3 टैरिफ अवधारण करने की प्रक्रिया और सिद्धान्त

के.वि.वि.आ. के सृजन के पूर्व, केन्द्रीय उत्पादन कंपनियों, अर्थात् एन.टी.पी.सी., एन.एच.पी.सी., एन.एल.सी. और नीपको का टैरिफ, परियोजना विशिष्ट अधिसूचनाओं के माध्यम से केन्द्रीय सरकार द्वारा निर्धारित किया जा रहा था। केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग, विद्युत विनियामक आयोग अधिनियम, 1998 के अधीन जुलाई, 1998 से अस्तित्व में आया। के.वि.वि.आ. को, अन्य बातों के साथ–साथ, केन्द्रीय उत्पादन कंपनियों के टैरिफ के निर्धारण का कार्य सौंपा गया था। इस कार्य का निर्वहन करने के लिए, आयोग से टैरिफ के निबंधन और शर्तों को अंतिम रूप देने की अपेक्षा की गई थी। सभी पणधारियों की सुनवाई की पारदर्शी प्रक्रिया पूरा करने के पश्चात् आयोग ने टैरिफ के निबंधनों एंव शर्तों का तीन वर्ष की अवधि अर्थात् 2001–04 के लिए मार्च, 2001 में अंतिम रूप दिया तथा उन्हें अधिसूचित किया। विद्युत अधिनियम 2003, (जिससे अन्य बातों के साथ–साथ, विद्युत विनियामक आयोग अधिनियम, 1998 निरसित हो गया) के अधिनियमन के पश्चात् आयोग ने मार्च, 2004 में और पांच वर्ष की अवधि, अर्थात् 2004–09 के लिए नए टैरिफ के निबंधन और शर्तों को अधिसूचित किया। उपर्युक्त अधिसूचनाओं में राज्य–वार उत्पादन टैरिफ तथा पारेषण टैरिफ लाइन या प्रणाली–वार निर्धारण का उपबंध है।

टैरिफ समय–समय पर यथा लागू टैरिफ के निबंधनों और शर्तों के अनुसार तय किया जाता है। निबंधन और शर्तों में वित्तीय मानदण्ड और तकनीकी मानदण्ड विहित हैं। टैरिफ को प्रायः लागत प्लस टैरिफ कहा जाता है क्योंकि परियोजना की पूंजी लागत टैरिफ संगणना के लिए आरंभिक बिन्दु होती है। इसे विनियमित टैरिफ कहना अधिक समुचित होगा क्योंकि वास्तविक पूंजी व्यय से भिन्न टैरिफ के लिए स्वीकार्य अधिकांश वित्तीय और तकनीकी पैरामीटर मानकीय होते हैं न कि वास्तविक।

थर्मल केन्द्रों के परिवर्तनीय प्रभार, मासिक भारित औसत कीमत और ईंधन के हीट मूल्य के अनुसार ईंधन कीमत के लिए

संशोधित किए जाते हैं। टैरिफ संगणना बहुत ही लम्बी होती है क्योंकि टैरिफ में लिए जाने वाले विभिन्न तत्वों को, पूर्ण टैरिफ में सम्मिलित करने के लिए व्यक्तिक रूप से संगणित किया जाता है। प्रत्येक उत्पादन केन्द्र के लिए उसकी स्वीकृत पूंजी लागत, आधार ईंधन कीमत और (सकल कैलोरी मूल्य) तथा दक्ष प्रचालन के लागू संनियमों पर निर्भर करते हुए, टैरिफ भिन्न–भिन्न होता है। प्रक्रिया में काफी समय लगता है किन्तु यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक हैं कि ये केन्द्र दक्ष और मितव्ययी रीति से कार्य करते हैं और विक्रेता केन्द्रों से उच्च कीमत प्राप्त करने के लिए अपनी प्रबल स्थिति का दुरूपयोग नहीं करते हैं।

7

वर्ष 2010–11 के दौरान किए गए क्रियाकलाप

7 वर्ष 2010–11 के दौरान किए गए क्रियाकलाप

7.1 कानूनी कार्यवाही

वर्ष 2010–11 के दौरान, 277 याचिकाओं को गत वर्ष 2009–10 से आगे ले जाया गया। इसके अलावा 01–04–2010 से 31–03–2011 के दौरान 335 याचिकाएं दायर की गई जिससे याचिकाओं की कुल संख्या बढ़कर 612 हो गयी। इनमें से 249 याचिकाएं वर्ष 2010–11 के दौरान निपटा दी गयी। इसके अतिक्ति, 15 अंर्तवर्ती आवेदनों को गत वर्ष 2009–10 से आगे ले जाया गया। इसके अलावा, 32 अंर्तवर्ती आवेदन प्राप्त हुए, इनमें से 22 आवेदनों को निपटा दिया गया है। याचिकाओं का ब्यौरा अनुलग्नक 1 में दिया गया है।

7.2 वर्ष 2010–11 के दौरान प्रमुख निर्णय

7.2.1 अंतर्राज्यीय पारेषण शुल्क और घाटा सहभाजन पर विनियमन (केन्द्रीय विद्युत विनियमन आयोग) (अंतर्राज्यीय पारेषण शुल्क और सहभाजन) विनियम, 2010 दिनांक 15-06-2010

वर्तमान में पारेषण निवेश में अनश्चितता का सामना कर रहे हैं और यह पारेषण प्रणाली के सभी लाभार्थियों के द्वारा हस्ताक्षरित पावर ट्रांसमिशन (बीपीटीएएस) थोक ऊर्जा पारेषण करारों को प्राप्त करने की प्रक्रिया भी है। नये प्रस्तावित तंत्र के आधीन सभी आईएसटीएस उपभेक्ता (डीआईसी) पारेषण सेवा के करार के स्वतः हस्ताक्षकर्ता है। जिसके लिए एनडीआईसी को प्वाइंट ऑफ कनेक्शन प्रभार के भुगतान की आवश्यकता होती है, जिसमें पारेषण लाइसेंसधारियों के राजस्व शामिल होते हैं। इस वाणिज्यिक व्यवस्था से पारेषण निवेशों के वित्तीय समापन में भी सुविधा होगी। उत्पादन ओर मांग के ग्राहकों के बीच का अन्तर विशुद्ध पारेषण शुल्क के माध्यम से डीआईसी को सिटिंग संकेत प्रदान करेगा। उत्पादकों का वर्तमान निर्णय सिर्फ ईंधन परिवहन लागत पर आधारित है। नए पारेषण मूल्य निर्धारण तंत्र के कार्यान्वयन के साथ जहां पारेषण प्रभार स्थानिक रूप से भिन्न भिन्न हैं वहां उत्पादकों को विद्युत की पारेषण लागत और ईंधन की परिवहन लागत दोनों पर रखना होगा। प्वाइंट ऑफ कनेक्शन (पीओसी) पारेषण मूल्य निर्धारण तंत्र टैरिफ नीति की आवश्यकताओं उपयुक्त और इसे एक प्रतिस्पर्धी बाजार की आवश्यकताओं के भी अनुरूप बनाता है। प्वाइंट ऑफ कनेक्शन (पीओसी) तंत्र को पहले से ही भारत में विद्युत विनिमय पर आधारित लेन देनों में इस्तेमाल किया जा रहा है। अंतर केवल इतना है कि मौजूदा पारेषण पर लागू विनिमय आधारित लेनदेन स्थानिक रूप से भिन्न भिन्न नहीं थे। इसके अलावा इस तरह के प्रभारों को सभी प्रकार के दीर्धकालिक अवधि, मध्यमकालिक अवधि और अल्प अवधि के लेनदेन पर लागू करने की आवश्यकता है – उन सभी के सहित जो कि विद्युत विनिमय होने पर प्रकट होते हैं। पारेषण प्रभारों की गणना अंतर्निहित संसाधनों के ग्रिड अभिग्रहण प्रयोग से विभिन्न उत्पादकों तथा मांग उत्पादकों की अवस्थिति पर की जाती है और 61वे अधिनियम की अपेक्षाओं को पूरा करती है।

प्वाइंट ऑफ कनेक्शन (पीओसी) आधारित पारेषण मूल्य निर्धारण तंत्र विद्युत बाजारों के एकीकरण को सुकर बनायेगा ओर पारेषण प्रभारों के पेनकिनिंग की अवश्यकताओं के निराकरण के द्वारा निर्बाध पहुँच और प्रतिस्पार्धा को बढ़ाने में सुविधा देगा। यह पारेषण प्रणाली में भार के प्रवाह में मौसमी और दैनिक परिवर्तनों का भी ध्यान रखता है। आयोग ने 16–06–2010 को केन्द्रीय विद्युत विनियामक (पारेषण प्रभारों तथा हानियों की भागीदारी) विनिमय, 2010 को अधिसूचित किया है। इन विनियमों को 01–07–2011 से लागू किया गया है।

7.2.2 केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (केन्द्रीय पारेषण उपयोगिताओं को अंतराज्यिक पारेषण योजना के निष्पादन के लिए विनियामक अनुमोदन को प्रदान करना) विनियम, 2010 दिनांक 07-06-2010

केन्द्र की उपधारा (2) के उपखण्ड (ग) के अधीन केन्द्रीय पारेषण उपयोगिता के द्रव्य विहित किये गये हैं। भार केन्द्रों को उत्पादन केन्द्रों विद्युत के सुधारों प्रवृद्धि के लिए अन्तर–राज्यिक पारेषण लाईनों कि दरों, समन्वित तथा मित्तव्ययी प्रणाली के विकास को सुनिश्चित करने के लिए विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 38 राष्ट्रीय विद्युत नीति का पैरा 5.3.2 यह उपबंधित है कि "नेटवर्क का विस्तार अपेक्षित पारेषण की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए योजनाबद्ध तथा कार्यान्वित होना चाहिए जो निर्बाध पहुँच प्रणाली में एक आकस्मिकता बन सकती है। लाभार्थियों के साथ पूर्व समझौता नेटवर्क विस्तार के लिए एक पूर्व शर्त नहीं होगी। सीटीयू/एसटीयू को हितधारकों के साथ परामर्श करके आवश्यकताओं की पहचान करने तथा विनियामक अनुमोदन के बाद का नेटवर्क विस्तार करना चाहिए।"

नेटवर्क के विस्तार को राष्ट्रीय विद्युत योजना के अनुरूप बनाने के लिए केन्द्रीय पारेषण केन्द्र को विनियामक अनुमोदन के अनुसार बनाने की प्रक्रिया को कारगर बनाने के लिए केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (केन्द्रीय पारेषण उपयोगिता को अंतराज्यिक पारेषण स्कीम के निष्पादन के लिए विनियामक अनुमोदन को अनुदान) विनियम 2010 को 07–06–2010 को अधिसूचित किया गया है। ये विनियम केन्द्रीय पारेषण उपयोगिता द्वारा प्रस्तावित आईएसटीएस योजनाओं पर लागू हैं जिसके लिए उत्पादकों ने केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (अतंराज्यिक पारेषण के लिए संयोजकता दीर्घकालिक पहुँच तथा मध्यकालिक निर्बाध पहुंच प्रदान करना तथा अन्य सहबद्ध विषय) विनियम 2009 के अनुसार दीर्घ अवधि के उपयोग की मांग की है और जिसके लिए केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण तथा लाभार्थियों, जिनकी पहचान आईएसटीएस योजना की स्थापना के लिए की गयी, के साथ परामर्श किया गया, परन्तु जिसके लिए लाभार्थियों के साथ किये गये विद्युत खरीद समझौते पर आवेदन की तारीख पर हस्ताक्षर नहीं किये गये। केन्द्रीय पारेषण केन्द्र द्वारा अभिज्ञात क्षेत्र के भीतर और पूरे क्षेत्र में विद्युत का विश्वसनीय, कुशल, समन्वित और किफायती प्रवाह जिसके लिए केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण और लाभार्थियों, जिनकी पहचान की गई, के साथ परामर्श करके प्रणाली को मजबूत/उन्न्त बनाते के लिए आईएस टीएस योजनाओं पर भी लागू है। ये नियम उन आईएसटीएस योजनाओं पर लागू नहीं है जिसके लिए लाभार्थियों/संबंधित एसटीयू ने पारेषण प्रभार के सहभाजन करने के लिए पहले से ही थोक विद्युत पारेषण समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं।

7.2.3 भारतीय विद्युत ग्रिड संहिता (आईईजीसी) और अनिर्धारित इंटरचेंज (यूआई) विनियमों में संशोधन - (केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग) (भारतीय विद्युत ग्रिड संहिता) विनियम, 2010 दिनांक 23-04-2010 तथा केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग (अनिर्धारित इंटरचेंज प्रभार तथा अन्य संबंधित मामले) (संशोधन) विनियम, 2010 दिनांक 28-04-2010।

काफी परामर्श तथा सार्वजनिक सुनावाई के पश्चात् के.वि.वि.आ. द्वारा आज नये भारतीय विद्युत ग्रिड कोड तथा अनिर्धारित इंटरचेंज विनियमों में संशोधनों को अधिसूचित किया गया है। ये 03–05–2010 से लागू किये गये हैं। जहाँ एक ओर नये ग्रिड कोड ग्रिड के साथ नवीकरणीय स्रोतों के विशाल एकीकरण को सुविधाजनक बनायेगें, वहीं दूसरी ओर सशोधित अनिर्धारित इंटरचेंज विनियम सख्त ग्रिड अनुशासन को लाये हैं।

नये भारतीय विद्युत ग्रिड संहिता ने निम्नलिखित मुख्य परिवर्तन किये हैं:

1. नवीकरणीय ऊर्जा से उत्पन्न विद्युत की काफी हिस्सेदारी को बढ़ाने के लिए जलवायु परिवर्तन पर राष्ट्रीय कार्य योजना के कार्यान्वयन को सुविधजनक बनाने, नये सौर ऊर्जा संयंत्र के मामले में कार्यक्रम के सभी उतार चढ़ाव तथा नये पवन ऊर्जा संयंत्र के मामले में 30 प्रतिशत के भीतर उतर चढ़ावों के वित्तीय बोझ को अंतर्राज्यीय ग्रिड उपयोगकर्ताओं द्वारा वहन किया जाएगा। इस प्रकार उतार चढ़ावों से इन परियोजना निर्माताओं तथा मेजबान राज्यों को किसी तरह का नुकसान नहीं होगा।

2. कार्यात्मक आवृत्ति बेंड को आगे 50.3 हट्र्ज –49.2 हट्र्ज से 50.2 हर्ट्ज–49.5 हट्र्ज तक सीमित कर दिया गया। इसके द्वारा उत्पादन स्टेशन तथा उपयोग कर्ता उपकरण जैसे रेलवे ट्रेक्शन मोटर्स तथ एग्रीकल्चरल पंप सेट के बेहतर निष्पादन को सुनियत करना लक्षित है।

3. भार प्रेषण केन्द्र के मामले में नियंत्रण क्षेत्र का क्षेत्राधिकार संशोधित किया गया। 50 प्रतिशत से अधिक क्षमता की दीर्घअवधि के पीपीए वाले मेजबान राज्य को छोड़कर एक से अधिक राज्यों को आपूर्ति करने वाले स्टेशन अब क्षेत्रीय भार प्रेषण केन्द्रों के डोमेन होंगे। यह नई उत्पादन क्षमताओं में बड़े निजि निवेश को सुविधाजनक बनायेगा

4. वितरण केन्द्रों सहित अंतर्राज्यीय ग्रिड के सभी उपयोगकर्ताओं के अलावा राज्य भार प्रेषण केन्द्र ग्रिड अनुपालन और भार प्रबंधन के लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार होंगे। केन्द्रों के लिए अगले वर्ष से स्वतः भार प्रबंधन योजनाओं को तैयार और लागू करना अनिवार्य किया गया है।

यू आई नियमों में संशोधनों ने निम्न परिवर्तन किये हैं:

1. विद्युत लेनदेन संगठित विद्युत बाजारों की ओर अधिक करने के क्रम में और आगे विद्युत की बिक्री के लिए यूआई तंत्र (प्रणाली) के असमर्थित उपयोग के लिए अंडरड्रॉल्स तथा अनुमेय मात्रा से अधिक मात्रा को हतोत्साहित किया गया है और कीमतों को कम किया गया। यह संगठित विद्युत बाजारों में तरलता बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया है।

2. भारी ओवर ड्रॉ और अन्यों को उनकी वैध तरीके से खरीदी बिजली से वंचित करने पर कुछ राज्यों की प्रवृत्ति पर और अधिक प्रभावी ढंग से अंकुश लगाने के लिए 49.2 हर्ट्ज के बजाए 49.5 हर्ट्ज से कम ग्रिड आवृत्ति पर सामान्य यूआई दरे (8.73 रुपये प्रति यूनिट) पर 40 प्रतिशत अतिरिक्त यूआई प्रभार लागू किया गया। इसके आगे ओवर ड्राल्स पर अनुकरणीय निवारक के रूप में, जब ग्रिड आवृति 49.2 हर्ट्ज से कम हो तब ओवर ड्रल्स पर 100 प्रतिशत अतिरिक्त यूआई दर निर्दिष्ट की गयी है।

3. यू आई प्रभार का भुगतान समय पर सुनियत करने के लिए, कोई भी केन्द्र जो एक बार भी भुगतान से चुक गया हो, सिस्टम आपरेटर के पक्ष में ऋण–पत्र को खोलना अनिवार्य कर दिया गया।

4. यूआई खाते में भुगतान राशि को पहले देय ब्याज राशि की दिशा में समायोजित किया जाएगा। यह यूआई भुगतान के बकायों को भी कम करेगा।

5. विभिन्न आवृतियों पर विभिन्न यूआई दर संगणित करने के लिए विकसित और नियमों में निर्दिष्ट रूप से दी गई विधियां अधिक से अधिक पारदर्शिता ला रही है।

7.2.4 केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (विद्युत आपूर्ति के विनियमन) विनियम, 2010 दिनांक 30-09-2010, राज्य केन्द्रों द्वारा भुगतान के बकाये के मामले में

आयोग ने केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (विद्युत आपूर्ति विनियमन) विनियम, 2010, राज्य केन्द्रों द्वारा भुगतान के बकाये के माले में, तैयार करके केन्द्रीय विद्युत क्षेत्र केन्द्र (सीपीएसयू) को देय राशि के भुगतान में होने वाली चूक को संभालने के लिए कदम उठाये हैं। यह विनियम 30–09–2010 को अधिसूचित किया गया है। उसकी मुख्य विशेषताएं निम्नानुसार हैं:

1. विद्युत आपूर्ति का विनियमन तभी लागू होगा तब यदि अनुबंधित पा अपने अनुबंध से सहमत हों।

2. पारेषण लाइनों/आईसीटी खोलने के द्वारा विनियम के कार्यान्वयन में कठिनाईयों को देखते हुए बिजली आपूर्ति के बाह्य व्यवस्थापन के लिए कोई प्रावधान नहीं है और यह वाणिज्यिक व्यवस्था के माध्यम से ही लागू किया जाता है। पूर्व प्रक्रिया की तुलना में इस प्रक्रिया का कार्यान्वयन सरल है इसके कार्यान्वयन के लिए कम समय की आवश्यकता होगी।

3. बकाया राशि के गैर भुगतान के मामले में बिजली की आपूर्ति के विनियम की दोषी इकाई की प्रापण अनुसूची को कम करके प्रभावी बनाया गया है। इस अतिरिक्त बिजली को बाजार में अन्य लाभार्थियों अथवा अन्य खरीदारों को बेचा जा सकता है। बिक्री से प्राप्त राजस्व को विनियमन संस्था को ऊर्जा शुल्क और अन्य प्रभारों की कटौती के बाद दिया जाता है।

4. विद्युत बाजार के वर्तमान परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए बकाया राशि के निपटान के लिए व्यावसायिक सिद्धात विनियमन में निर्दिष्ट हैं। आय की कमी वाले बाजार की परिस्थिति में विद्युत को आसानी से दूसरे खरीददार को बेचा जा सकता है। इससे पहले गैर एवीटी व्यवस्था में इस प्रकार का प्रबंध करना संभव नहीं था।

5. लाभार्थियों द्वारा बकाये के गैर भुगतान के अलावा ऋण पत्र के गैर रखरखाव के लिए भी यह प्रक्रिया लागू होती है। पूर्व प्रक्रिया में केवल

बकाये के गैर भुगतान की स्थिति में ही विद्युत आपूर्ति के नियंत्रण का प्रावधान था। ऋणपत्र के गैर रखरखाव की स्थिति में विद्युत आपूर्ति के नियंत्रण का कोई प्रावधान नहीं था।

7.2.5 संयोजकता विनिमय के लिए संशोधन

जल विद्युत स्टेशनों और नवीकरणीय ऊर्जा के स्रोतों पर आधारित अन्य उत्पादन स्टेशनों के लिए उपलब्ध ग्रिड कनेक्टिविटी आसान बनाने के उददेश्य से के.वि.वि.आ.ने एक महत्वपूर्ण नियामक पहल की है। यद्यपि थर्मलपावर स्टेशनों को अंतर्राज्यीय ग्रिड से जोड़ने के लिए थ्रेशहोल्ड क्षमता 250 मेगावाट हे, पर थ्रेशहोल्ड को जल विद्युत स्टेशनों और नवीकरणीय ऊर्जा के स्रोतों पर आधारित अन्य उत्पादन स्टेशनों के लिए कम करके 50 मेगावाट किया गया है

जल विद्युत स्टेशनों और नवीकरणीय ऊर्जा के स्रोतों पर आधारित अन्य उत्पादन स्टेशनों जिनकी व्यक्तिगत स्थापित क्षमता 50 मेगावाट से कम है परन्तु केन्द्रीय पारेषण केन्द्र (पावरग्रिड) से 50 मेगावाट तथा इससे अधिक की कुल स्थापित क्षमा के साथ सामूहिक रूप से सम्पर्क करते हैं, की अंतर्राज्यीय ग्रिड से कनेक्टिविटी स्वीकृत करने के लिए एक अन्य महत्वपूर्ण विनियामक परिवर्तन किया गया है। उदाहरण के लिए क्रमशः 30 मेगावाट ओर 20 मेगावाट की क्षमता वाले दो जल विद्युत उत्पादन स्टेशन सामुहिक रूप से अंतर्राज्यीय ग्रिड से एकल कनेक्शन प्वांइट से कनेक्टिविटी ले सकते हैं। यदि वे इन दोनों स्टेशनों के लिए एक ही प्रमुख उत्पादक के माध्यम से प्रचालन तथा व्यावसायिक उत्तरदायित्वों को वहन करने के लिए सहमत होते हैं।

के.वि.वि.आ. द्वारा ये परिवर्तन प्राप्त प्रतिक्रिया को ध्यान में रखते हुए किये गये कि अनेक स्टेशनों विशेषकर उत्तर पूर्वी राज्यों में राज्य पारेषण केन्द्र वर्तमान में इस स्थिति में नहीं है किवे अपने तंत्रों की कनक्टिविटी का विस्तार कर सकें ओर उनकी यह कठिनाई जल विद्युत स्टेशनों तथा नवीकरणीय स्रोतों पर आधारित स्टेशनों के विकास को बाधित करती है।

उपरोक्त निर्णयों को लागू करने के लिए के.वि.वि.आ. ने गिड कनेक्टिविटी विनियमों के अनुदान में संशोधन किये गये हैं।

7.2.6. केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (अंतरित पारेषण सेवाओं के प्रयोग के लिए मूल्य, प्रभारों तथा नियम व शर्तें) विनियम, 2010 दिनांक 23-09-2010

विद्युत अधिनियम 2003 का अनुभाग 35 मध्यवर्ती पारेषण सुविधाओं के प्रयोग को उपलब्ध करवाता है।

"35. अंतरित पारेषण सुविधाएं: समुचित आयोग किसी भी लाइसेंस धारक द्वारा एक आवेदन पर किसी भी अन्य लाइसेंसधारी, जो स्वयं के लिए अथवा अंतरित पारेषण सुविधाओं का प्रचालित कर रहा हो, को आवश्यकता पड़ने पर आदेश के द्वारा ऐसे लाइसेंसधारियों के पास उपलब्ध अधिशेष क्षमता की सीमा तक इन सुविधाओं के उपयोग को प्रदान कर सकता है।

बशर्ते लाइसेंसधारी के पास उपलब्ध अधिशेष (अतिरिक्त) क्षमता की सीमा से संबंधित किसी भी विवाद में निर्णय उपयुक्त आयोग द्वारा किया जाएगा।"

अनुभाग 36. अंतरित पारेषण सुविधाओं के उपयोग के लिए प्रभारों (शुल्कों) को प्रदान करता है।

"36. अंतरित पारेषण सुविधाओं के प्रभार (शुल्क) — (1) प्रत्येक लाइसेंसधारक अनुभाग 35 के तहत बने एक आदेश पर, अपनी पारेषण सुविधाओं को आपसी सहमति पर निधारित मूल्यों, प्रभारों तथा नियम व शर्तों पर उपलब्ध करवायेगा।

बशर्ते उपययुक्त आयोग भी मूल्यों (कीमतों) प्रभारों तथा नियम व शर्तों को निर्धारित कर सकता है यदि ये लाइसेंस धारकों द्वारा आपसी सहमति पर निर्धारित नहीं होते तो।"

(2) उप–धारा (1) में निबंधन एवं शर्तें तथा प्रभारों तथा दरों में निर्दिष्ट मूल्य, प्रभार तथा नियम शर्तें स्पष्ट तथा तर्कसंगत होनी चाहिए और इस प्रकार की सुविधाओं के प्रयोग के अनुपात में आबंटित की जा सकती है।

स्पष्टीकरण :– अनुभाग 35 तथा 36 के प्रयोजनार्थ "अंतरित पारेषण सुविधाओं" से आशय "स्वामित्व वाली विद्युत लाइनें अथवा एक लाइसेंस धारक द्वारा संचालित जहां इस प्रकार की विद्युत लाइनें विद्युत पारेषण के लिए उपयोग की जा सकती है तथा अन्य लाइसेंसधारक की प्रार्थना के आधार पर तथा एक टैरिफ अथवा प्रभार के भुगतान" से है।

अनुभाग 36 अंतरित पारेषण सुविधाओं के प्रयोग के लिए मूलय और प्रभार तथा नियम व शर्तें प्रदान करने के लिए विनियमों को बनाने का आदेश देता है। यह इस बात का भी आदेश देता है कि मूल्य, प्रभार तथा नियम व शर्तें स्पष्ट एवं तक्रसंगत होनी चाहिए तथा ऐसी सुविधाओं के प्रयोग के अनुपात में आबंटित की जा सकती हैं। इन वैधानिक जिम्मदारियों के निर्वहन के लिए आयोग ने अंतरित पारेषण सुविधाओं के प्रयोग के लिए मूल्यों, प्रभारों तथा नियम व शर्तों तथा परिस्थितियों पर अनुभाग 36, जिसे अनुभाग 178 (2) (आई) के पढ़ा जा सकता है, के तहत विनियम को अधिसूचित किया गया है।

7.2.7. जल विद्युत परियोजना की पूंजीगत लागत के पुनरीक्षण के लिए दिशा निर्देश

एक जल विद्युत परियोजाना – निजी अथवा सार्वजनिक की पंजीगत लागत की तर्कसंगति को जानने हेतु आयोग ने जल विद्युत परियोजना की पंजीगत लागत के पुनरीक्षण के लिए दिशानिर्देश प्रारूप तैयार किया तथा 30–04–2010 तक हितधारकों की टीका–टिप्पणियों को आमंत्रित करने के लिए 06–04–2010 को अपनी वेबसाइट पर इस प्रारूप को डाला है। आयोग ने एक सुनवाई को संचालित किया है तथा 02–08–2010 को इस संबंध में एक अधिसूचना जारी की। आयोग ने जल विद्युत परियोजनाओं की पूंजीगत लागत के पुनरीक्षण के लिए नामित स्वंतत्र एजेंसियों/संस्थानों के पैनल बनाने के लिए अपनी रुचि दिखाने के अनुरोध संबंधी सूचना को अपनी वेबसाइट पर डालने के पश्चात एक आदेश दिनांक 14–09–2010 के तहत तीन स्वतंत्र एजेंसियों/व्यक्तिगत विशेषज्ञ का पैनल भी बनाया है। चार एजेंसियो ने अपनी रुचि दिखाई है।

7.2.8. (नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन के लिए नीकरणीय ऊर्जा प्रमाणपत्र के निर्गमन तथा मान्यता के नियम व शर्तों) पर विनियम (प्रथम संशोधन) विनियम, 2010

आयोग ने जनवरी 2010 में विद्युत क्षेत्र के बाजार के विकास तथा नवीकरणीय ऊर्जा के स्रोतों को बढ़ावा देने के आदेश को पूरा करने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा प्रमाणपसत्र अधिसूचना पर विनियम को अधिसूचित किया है। नवीकरणीय ऊर्जा प्रमाणपत्र का संप्रत्यय नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों की उपलब्धता तथा नवीकरणीय बाध्य खरीद को प्राप्त करने के महत्व को परिकल्पित करता है। इससे उन राज्यों में नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन की संभावना है क्योंकि नवीकरणी ऊर्जा प्रमाणपत्र ढांचा इस प्रकार के उत्पादकों के लिए अपनी लागत को प्राप्त करने के लिए एक राष्ट्रीय स्तर के बाजार को सृजित करने की अपेक्षा करता है।

यद्यपि अनेक स्थानों से मामले उठ रहे थे कि अधिमान्य (लागत प्लस) टैरिफ पर बिजली की बिक्री के लिए वितरण केन्द्रों के साथ एक मौजूदा पीपीए रखने वाले नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादक आरईसी तंत्र के माध्यम से लाभ कमाने के एक मात्र उददेश्य से मौजूदा अनुबंध को भंग करने का प्रयास कर सकते हैं। इसके आगे आरईसी तंत्र में भागीदारी करने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा पर आधारित कैप्टिव उत्पादकों की योग्यता के संबंध में संदेह तथा शंकाएं उठ रहीं थीं। गतलफहमी इस प्रश्न पर थी कि क्या कैप्टिव विद्युत निर्माता स्व–उपभोग करके आरईसी के लिए योग्यता रखते हैं तथा आरईसी द्वारा नये निवेशकों को नुकसान पर रखने से आरईसी का बाजार में कम कीमतों की बाढ़ आ जाने से संबंधित संभावनाओं के प्रति शंकाएं उठ रही थीं।

आरईसी विनिमय की योग्यता शर्तों से संबंधित इन मुददों पर ध्यान देने के लिए आयोग आरईसी विनियम में संशोधन के साथ सामने आया है। संशोधित विनियम में निम्नलिखित प्रावधान है:

- एक अधिमानय टैरिफ पर बिजली की बिक्री के लिए विद्युत खरीद समझौते में दाखिल एक उत्पादन कंपनी, समझौते के असामयिक समापन के मामले में, आरईसी योजना में, इस प्रकार के समझौते के समापन की तिथि से तीन वर्ष की अवधि के लिए अथवा विद्युत खरीद समझौते के समाप्त होने की नियत तिथि जो भी पहले हो, भाग लेने के योग्य नहीं होगी।
- नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों पर आधारित कैप्टिव विद्युत निर्माता (सीपीपी) आरईसी योजना में भाग लेने के लिए स्व–उपभोग समेत ऐंसे संयंत्र से पूरी बिजली के उत्पादन के लिए इस शर्त के आधीन ही योग्य होंगे कि ऐसे कैप्टिव विद्युत निर्माता रियायती/प्रोमोशनल पारेषण अथवा बिलिंग प्रभार, बैंकिंग सुविधा का लाभ तथा विद्युत शुल्क का टूटना इत्यादि के रूप में किसी भी प्रकार के फायदे को नहीं लेते और न हीं इसे लेने का प्रस्ताव करते।
- यदि इस तरह का एक कैप्टिव विद्युत निर्माता यदि स्वयं रियायती पारेषण अथवा बिलिंग प्रभारों, बैंकिंग सुविधा लाभ तथा विद्युत शुल्क का टूटना इत्यादि लाभों को छोड़ता है तो वह ऐसे लाभों

को छोड़ने की तिथि से तीन वर्ष की अवधि बीतने के पश्चात् ही आरईसी योजना में भाग लेने के लिए योग्य होगा।

- आरईसी योजना में कैप्टिव विद्युत निर्माताओं द्वारा भाग लेने के लिए उपरोक्त वर्णित शर्तें तब लागू नहीं होंगी यदि इस प्रकार के कैप्टिव विद्युत निर्माताओं को रियायती पारेषण अथवा बिलिंग प्रभार, बैंकिंग सुविधा लाभ तथा विद्युत शुल्क का छूटने आदि के रूप में दिये जा रहे लाभों को राज्य विद्युत विनियामक आयोग और/अथवा राज्य सरकार द्वारा वापस ले लिया जाए।

7.2.9 टैरिफ के लिए पूंजीगत लागत को निर्देशितचिंह्नित करना

के.वि.वि.आ. (टैरिफ की नियम व शर्तें) विनियम, 2009 मांग करता है कि पूंजीगत लागत पर निर्देशितचिह्न विनियामक आयोग द्वारा विकासित होंगे। आयोग ने निर्देशचिह्निन के लिए एक स्व–वैधीकृत मॉडल के निर्माण सहित पारेषण लाइन परियोजनाओं तथा उप स्टेशनों के लिए कदम उठाये हैं। ये मॉडल विकसित हो चुके हैं।

7.2.10 केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (टैरिफ और प्रभारों से संभावित राजस्व की गणना करने की प्रकिया) विनियम, 2010 दिनांक 16-04-2010

अधिनियम का अनुभाग 61, आयोग को अधिनियम के प्रावधानों के अधीन तथा बताये गयें अधिनियम में वर्णित कारकों के अनुसार टैरिफ के निर्धारण के लिए नियम व शर्तों को निर्दिष्ट करने का अधिदेश देता हैं। अधिनियम के अनुभाग 178(2) के तहत अधिकार प्राप्त शक्तियों के प्रयोग में आयोग ने केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (टैरिफ के नियम और शर्तें) विनियम, 2004 और 2009 को अधिसूचित किया है।

अधिनियम की धारा 62 प्रदान करती है कि उपयुक्त आयोग, अधिनियम के प्रावधानो के तहत एक उत्पाद कंपनी को एक वितरण लाइसेंसधारी, विद्युत के पारेषण, विद्युत की व्हींलिग तथा विद्युत की बिक्री के द्वारा आपूर्ति के लिए टैरिफ का निर्धारण करेगा। अधिनियम की धारा 79(1)(क) से (घ) में निहित कार्यों के संदर्भ में माना गया कि केन्द्रीय आयोग के लिए केन्द्र सरकार के स्वामित्व वाली और उसके द्वारा नियंत्रित उत्पादन कम्पनियों, एक से अधिक राज्यों और विद्युत के अन्तर राज्य पारेषण में बिजली के उत्पादन और आपूर्ति के लिए संयुक्त योजना वाली उत्पादन कंपनियो के टैरिफ को निर्धारण करना आवश्यक हैं।

अधिनियम की धारा 62(5) निम्नलिखित के रूप में उपलब्ध हैं:-

"(5) आयोग, अनुज्ञप्तिधारी या उत्पादन कंपनी से यह अपेक्षा कर सकेगा कि वह टैरिफ तथा प्रभारों से प्रत्याशित राजस्व की गणना के लिए जिन्हें वसूल करने के लिए उसे अनुज्ञात किया जाए, ऐसी प्रक्रिया का जो विनिर्दिष्ट जाए, पालन करें।"

तदनुसार, आयोग के अनुभाग 62 के उप अनुभाग (5) के तहत टैरिफ और प्रभारो से संभावित राजस्व की गणना करने की प्रक्रियाओ पर विनिमय जारी किये गये जिसके लिए आवश्यक है कि टैरिफ और प्रभारो से संभावित राजस्व की गणना करने के लिए उसके न्याय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली उत्पादन कंपनिया और पारेषण लाइसेंस धारक अधिनियम प्रावधानो और उसके अधीन बनाये गये नियमो के तहत वसूली के हकदार हो।

अधिनियम के धारा 61 के तहत आयोग द्वारा निर्दिष्ट मानको के अनुसार टैरिफ और प्रभारों संगणना की जाती है। एक बार टैरिफ आदेशो के जारी होने पर केन्द्र उनके वास्तविक निष्पादन पर टैरिफ तथा प्रभारों की वसूली के हकदार होते हैं। यदि केन्द्र मानकों से बेहतर निष्पादन करते हैं तो अधिक कुशलता प्राप्त करने के कारण टैरिफ और प्रभारो के माध्यम से राजस्व की वसूली भी मानको से अधिक होगी। इसके विपरीत यदि केन्द्र मानदंडो को प्राप्त करने में असफल होता है तो हो सकता है कि वह अपने वार्षिक नियत प्रभारो की वसूली में सक्षम न हो। इन विनियमो का बनाने का उद्देश्य उपयोगिताओं केन्द्रो की कार्य निष्पत्ति पर नजर रखना है जोकि अगली टैरिफ अवधि के लिए मानको के निर्धारण में सहायक होगा। तथापि, यह स्पष्ट किया गया कि धारा अनुभाग 62(5) का क्षेत्र टैरिफ और प्रभारो से संभावित राजस्व की गणना करने के लिए प्रारूप को निर्दिष्ट करने तक सीमित है जो एक उत्पादन कम्पनी अथवा एक पारेषण लाइसेंसधारक को वसूली की अनुमति देता हैं। यह किसी भी तरीक से "मानकीय और वास्तविक से नीचे" के आधार टैरिफ निर्धारण पर पुनर्विचार का अधिदेश नहीं देता हैं।

7.2.11 केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (ट्रेड़िग लाइसेंस तथा अन्य संबंधित मामलो के अनुदान की प्रक्रिया, नियम व शर्तें) (प्रथम संशोधन) विनियम, 2010 दिनांक 02-06-2010

आयोग ने अधिसूचना दिनांक 2 जून 2010 के द्वारा श्रेणी चतुर्थी के रूप में अंतर राज्य ट्रेड़िग लाइसेंस की नई श्रेणी को आरंभ करने तथा विद्युत (ऊर्जा) बाजार विनियम 2010 के आरंभ होने के पश्चात विद्युत बाजार के परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए विभिन्न श्रेणीयों के लाइसेंस के बीच व्यापार की मात्रा तथा उचित निबल आवश्यकता को पुनः संरेखित करने के लिए केविविआ (ट्रेड़िग लाइसेंस तथा अन्य संबंधित मामलों के अनुदान की प्रक्रिया, नियम व शर्तें) (प्रथम संशोधन) विनियम, 2010 अधिसूचित किया। आयोग इस बात को ध्यान में रखता है कि जब प्रतियोगिता तथा मूल्य की खोज को प्रमुखता देने वाले बाजार के खिलाडी अधिक संख्या में होते हैं तो बाजार कुशलता से कार्य करते हैं। एक अध्ययन बताता है कि द्विपक्षीय व्यापार में केवल श्रेणी–प्रथम के पाँच लाइसेंस धारक ही बाजार के 85 प्रतिशत हिस्से को नियंत्रित करते हैं। क्योंकि केवल एक ही लाइसेंस को 2009–10 के दौरान स्वीकृत किया गया, इससे प्रकट होता है कि श्रेणी तृतीय के लिए 5 करोड़ रूपये की न्यूनतम निबल आवश्यकता, व्यापार में नये खिलाड़ी के प्रवेश के लिए बहुत बड़ी प्रवेश बाधा के रूप कार्य कर रहीं थी। इसलिए आयोग ने 1 करोड के निबल मूल्य के साथ एक नई श्रेणी चतुर्थी को जोड़ने का निश्चय किया जो व्यापार के टर्नओवर को 100 एम यू तक संचालित कर सकता हैं।

केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (विद्युत शक्ति बाजार) विनियम 2010 के अधिसूचना के साथ यह देखा गया कि विद्युत विनियम के सदस्य एक ट्रेडिंग लाइसेंस धारक के रूप में अपने ग्राहको की ओर से वित्तीय जोखिम उठा सकते हैं। ये सदस्य अल्पअवधि बाजार में छोटे मुक्त उपयोग ग्राहकों तथा कैप्टिव पावर संयंत्र को प्रस्तुत करने में उत्प्रेरक तथा सहायक के रूप में कार्य करते हैं। इस बात की उम्मीद जताई गई कि विद्युत विनिमय के सदस्य नई सृजित श्रेणी का लाभ उठाने में सक्षम होंगे तथा भावी ट्रेडिग लाइसेंस धारको बनने के द्वारा मुख्यधारा में शामिल होंगे।

आयोग ने यह भी देखा कि 500 मिलियन युनिट और 100 मिलियन यूनिट की वार्षिक टर्नओवर तथा 25 करोड रूपये और 5 करोड रूपये की निबल मूल्य की आवश्यकता क्रमशः श्रेणी द्वितीय और श्रेणी तृतीय के तीन लाइसेंस और श्रेणी द्वितीय के एक लाइसेंस का आत्मसमर्पण किया गया। इसलिए, आयोग ने, श्रेणी द्वितीय के लिए निबल मूल्य की आवश्यकता को 25 करोड रूपये से 15 करोड रूपये तक कम करने का फैसला किया। सभी श्रेणीयों के व्यापार लाइसेंसधारियो को व्यापारिक रूप से व्यावहारिक बनाने के लिए, निबल मूल्य की आवश्यकता और व्यापार की मात्रा सीमा को पुनः संरेखित किया गया।

आयोग ने यह भी देखा कि कुल मिलाकर बाजार का आकार बढ रहा है और ध्यान दिया कि अगले कुछ वर्षो में स्वतंत्र विद्युत निर्माताओ तथा मर्चेट विद्युत संयंत्रो के द्वारा महत्वपूर्ण नई क्षमताओ को स्थापित किया जाएगा। इस बात को ध्यान में रखते हुए कि आसन्न क्षमता के अलावा विद्युत में बढते बाजार की आवश्यकताओ को पूरा करने के लिए लाइसेंस धारकों की एक बडी संख्या की आवश्यकता होगी। आयोग ने एक वर्ष में विद्युत मात्रा के कारोबार को श्रेणी द्वितीय के लाइसेंसधारको के संबंध में 500 मिलियन युनिट से 1500 मिलियन युनिट तथा श्रेणी तृतीय के संबंध में 100 मिलियन युनिट से 500 मिलियन युनिट बढाने का निश्यच किया।

आयोग ने अधिसूचना दिनांक 7 जून 2010 के द्वारा ट्रेडिग लाइसेंस फीस के लिए केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (शुल्क का भुगतान) संशोधन विनियम, 2010 जारी किया हैं।

7.2.12 केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (पारेषण लाइसेंस और अन्य संबंधित मामलो के अनुदान के लिए प्रक्रिया, नियम व शर्तें) (संशोधन) विनियम, 2010

ऊर्जा मंत्रालय, भारत सरकार ने पारेषण परियोजनाओ और प्रतिस्पर्धी बोली के लिए पारेषण सेवा के विकास में उत्साहजनक प्रतियोगिता के लिए अप्रैल, 2006 में दिशा निर्देश जारी किये हैं, जिसे बाद में जुलाई 2007 के दौरान एक कुशल और किफायती ढंग से पारेषण परियोजनाओ के विकास के उद्देश्य के साथ संशोधित किया गया।

केन्द्रीय आयोग ने पारेषण लाइसेंस के अनुदान के लिए विभिन्न परियोजनाओ निर्माताओ द्वारा किये गये आवेदनों पर विचार करते हुए ध्यान दिया है कि यद्यपि

पारेषण परिसंपति का उपयोगी जीवन सामान्य रूप से 35 वर्ष माना जाता है तथापि विद्युत अधिनियम, 2003 के अनुभाग 15(8) के प्रावधानो के तहत पारेषण लाइसेंस 25 वर्ष की अवधि के लिए जारी किये जाते हैं। दूसरे शब्दो में, पारेषण (पारेषण) परिसंपति 25 वर्ष के प्रारंभिक लाइसेंस अवधि के बाद भी सेवा में होगी। क्योंकि समझौते में "हस्तांतरण" का कोई प्रावधान नहीं हैं। इसलिए इस बात की हर संभावना है कि मौजूदा लाइसेंस धारक 25 वर्ष की प्रारंभिक अवधि के बाद भी प्रचालन जारी रख सकते हैं। इस प्रकार प्रश्न उठता है कि यदि लाइसेंस का नवीकरण न हो अथवा लाइसेंस धारक नये सिर से नवीकरण के आवेदन नहीं करता तो पारेषण परिसंपति का टैरिफ 25 वर्ष के प्रारंभिक लाइसेंस अवधि के बाद क्या सकता हैं। विस्तृत विवेचना के बाद आयोग ने ऐसे मामलों में टैरिफ निर्धारण के लिए उपयुक्त विनियम बनाने का निश्चय किया हैं। तदनुसार, अधिनियम की धारा 79(2) के तहत भारत सरकार को प्रतिस्पर्धी बोली के माध्यम से पारेषण लाइनों के विकास के लिए मानक बोली दस्तावेज (58 डी) के संशोधन तथा नई पारेषण योजनाओ के लिए बोली लगाने के लिए 35 वर्ष तक की टैरिफ अवधि पर विचार के लिए वैधानिक परामर्श भेजा गया।

ठीक इसी समय केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (पारेषण लाइसेंस और अन्य संबंधित मामलो के अनुदान के लिए प्रक्रिया, नियम व शर्तें) विनियम 2009 (आगे चलकर "पारेषण लाइसेंस विनियम") के विनियम 13 को उचित प्रक्रिया अधिसूचना दिनांक 25–05–2010 के बाद संशोधित किया गया हैं।

7.2.13 के विविआ (क्षेत्रीय भार प्रेषण केन्द्र और अन्य संबंधित मामलों को फीस तथा प्रभार) (प्रथम संशोधन) विनियम, 2011 दिनांक 30-03-2010

केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (क्षेत्रीय भार प्रेषण केन्द्र तथा अन्य संबंधित मामलों की फीस और प्रभार) विनियम, 2010 के कार्यान्वयन में अवलोकित कठिनाइयों को दूर करने के लिए, इसे मार्च, 2011 में संशोधित किया गया था। ओ एवं एम प्रभारो के उपबंधों में आर एल डी सी तथा एन एल डी सी को सौप गये कार्यो में वृद्धि के कारण जनशक्ति में वृद्धि तथा ई एम एस/एस सी ए डी ए के वार्षिक रखरखाव (एएमसी) पर किये गये वास्तविक व्यय को ध्यान में रखते हुए संशोधन किया गया।

7.3 विद्युत बाजारः व्यापार, पावर एक्सचेंज तथा निर्बाध पहुँच

(1) अंतर-राज्यिक व्यापार अनुज्ञप्तिधारी

31–05–2011 को आयोग ने विद्युत में अंतर–राज्यिक व्यापक के लिए 48 आवेदको को व्यापार अनुज्ञप्ति प्रदान करें। इनमें से 10 अनुज्ञप्तिधरियों ने अपने लाइसेंस आत्म समर्पित कर दिये। वर्ष 2010–11 के दौरान चार व्यापार लाइसेंस प्रदान किये गये।

वर्ष 2010–11 के दौरान जारी व्यापार अनुज्ञप्ति

क्र. सं.	व्यापार अनुज्ञप्तिधारी का नाम	अनुज्ञप्ति जारी करने की तारीख	अनुज्ञप्ति की श्रेणी
1	पीसीएम पॉवर ट्रेडिंग कारपोरेशन लिमिटेड	01–09–2010	III
2	एबलोन क्लीन एनर्जी लिमिटेड	14–09–2010	IV
3	जय पोलिकेम इन्डिया लिमिटेड	13–01–2011	I
4	जय प्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड	23–03–2011	I

वर्ष 2010–11 के दौरान व्यापार शुरू करने वाले अनुज्ञप्तिधारियों की सूची	
क्रं. सं.	व्यापार अनुज्ञप्तिधारी का नाम
1	पीटीसी इंडिया लिमिटेड
2	एनटीपीसी विद्युत व्यापार निगम लिमिटेड
3	नेशनल एनर्जी ट्रेंडिंग एवं सर्विसेज लिमिटेड
4	रिलायंस इनर्जी ट्रेंडिंग (प्राइवेट) लिमिटेड
5	टाटा पावर ट्रेडिंग कंपनी (प्राइवेट) लिमिटेड
6	जे एस डब्ल्यू पावर ट्रेडिंग कंपनी लिमिटेड
7	नॉलेज इन्फ्रास्ट्रक्चर सिस्टम (प्राइवेट) लिमिटेड
8	जी एम आर इनर्जी ट्रेडिंग लिमिटेड
9	इन्सटिंक्ट एडवर्टाइज़मेंट एंड मार्केटिंग लिमिटेड
10	अदानी एन्टरप्राईसेस लिमिटेड
11	श्री सीमेंट्स लिमिटेड
12	पुणे पावर डिवेलपमेंट प्राइवेट लिमिटेड
13	मित्तल प्रासेसेज प्राइवेट लिमिटेड
14	आर पी जी पावर ट्रेडिंग कंपनी लिमिटेड
15	इंद्रजीत पॉवर टेक्नॉलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड
16	गोदावरी पॉवर एंड इस्पात लिमिटेड
17	एस्सार इलैक्ट्रिक पॉवर डेवलपमेन्ट कारपोरेशन लिमिटेड
18	जिन्दल पॉवर ट्रेडिंग कंपनी लिमिटेड
19	ग्लोबल एनर्जी (प्राइवेट) लिमिटेड

व्यापार अनुज्ञप्तिधारी, द्विपक्षीय अथवा पावर एक्सचैंज अथवा दोनों के माध्यम से व्यापार कर रहे हैं।

आयोग ने दिनांक 11–01–11 को अधिसूचना द्वारा के वि वि आ (व्यापार मार्जिन का नियतन) विनियम, 2010 को जारी किया है। इन नियमों के अनुसार, लाइसेंसधारक 3 पैसे/केडब्लूएच से अधिक बिक्री मूल्य के मामले में 7 पैसे /केडब्लूएच से अधिक तथा जहां बिक्री मूल्य 3 पैसे/केडब्लूएच से कम या बराबर होगा वहां 4 पैसे/ केडब्लूएच ट्रेडिंग मार्जिन से अधिक चार्ज नहीं करेगा। इस मार्जिन में अनुसूचीबद्ध ऊर्जा चार्ज नहीं करेगा। इस मार्जिन में अनुसूचीबद्ध ऊर्जा, मुक्त उपयोग तथा पारेषण घाटों के अतिरिक्त सभी प्रभार शामिल होंगे।

ट्रेडिंग मार्जिन बिजली की निर्धारित मात्रा पर चार्ज किया जाएगा परंतु यह विनियमों के अधिन निर्दिष्ट ट्रेडिंग मार्जिन लेनदोनों की श्रृंखला में शामिल सभी व्यापारियों द्वारा लिए गये ट्रेडिंग मार्जिन का संचयी मूल्य होगा अर्थात ट्रेडिंग मार्जिन, विविध व्यापारी से व्यापारी लेनदेनों के मामले में विनियमों के तहत निर्दिष्ट ट्रेडिंग मार्जिन की उच्चतम सीमा से अधिक नहीं होगा।

2. पावर एक्सचेंज

आयोग ने 20–01–2010 की अधिसूचना द्वारा के.वि.वि.आ. (विद्युत बाजार) विनियम, 2010 को जारी किया है। दो विद्युत एक्सचेंज (1) इंडियन एक्सचेंज लि0 (आई.ई.एक्स), नई दिल्ली तथा (2) पावर एक्सचेंज इंडिया लि0 (पी एक्स आईएल), मुम्बई है, जो भारत में परिचालन कर रहे हैं। आईईएक्स तथा पीएक्सआईएक्स मैसर्स आईएल ने 27 जून 2008 तथा 22 अक्तूबर 2008 को क्रमशः कार्य करना शुरू कर दिया है। आदेश दिनांक 01–07–2009 के आदेश द्वारा आयोग ने नेशनल पावर एक्सचेंज लि0 एक पावर एक्सचेंज स्थापित करने तथा प्रचालित करने के लिए सैद्धांतिक अनुमोदन प्रदान किया है।

3. बाजार निगरानी प्रकोष्ठ

अगस्त 2008 में के.वि.वि.आ. में एक बाजार निगरानी प्रकोष्ठ (एमएमसी) स्थापित किया गया है। अगस्त 2008 से एमएमसी "विद्युत के अल्पावधि के लेनदेन पर मासिक रिपोर्ट" तैयार कर रहा है तथा रिपोर्ट को वेबसाईट पर डाल रहा है। रिपोर्ट के उददेश्य है (1) विद्युत के अल्पावधि के लेनदेन की मात्रा और मूल्य में प्रवृत्तियों पर ध्यान देना, (2) बाजार के खिलाड़ियों (व्यापारियों) के बीच प्रतिस्पर्धा का विश्लेषण करना था, (3) पूरे बाजार की प्रासांगिक सूचना को प्रकट/प्रसारित करना।

मासिक रिपोर्ट और विभिन्न हितधारकों से एकत्र जानकारी के आधार पर एमएमसी ने "भारत में अल्पावधि विद्युत बाजार पर रिपोर्ट 2010–2011" प्रारूप को भी तैयार किया। अल्पावधि लेनदेनों में रुझानों को नीचे तालिका 1–3 में दिखाया गया है।

तालिका – 1: बिजली के अल्पकालिक संव्यवहार की मात्रा (बि यू)

वर्ष	व्यापार अनुज्ञप्तिधारियों के माध्यम से संव्यवहार की गई बिजली का मूल्य (रूपए प्रति किलोवाट घण्टा)	पावर एक्सचेंजों के माध्यम से संव्यवहार की गई बिजली का मूल्य (आईईएक्स तथा पीएक्सआईएला)	यूआई की मात्रा	सीधे डिस्काम के मध्य में संव्यवहार की गई बिजली
2008–09	21.92	2.77	14.39	3.31
2009–10	26.72	7.19	25.81	6.19
2010–11	27.70	15.52	28.08	10.25

नोट 1: वर्ष 2008–2009 (अप्रैल से जुलाई 2008) के दौरान व्यापारी अनुज्ञप्तिधारियों के माध्यम से संव्यवहार की गई बिजली की मात्रा, बार्डर के बाहर व्यापार और अंतर–राज्यिक व्यापार को सम्मिलित करती है।

नोट 2: सीधे यूआई और डिस्काम के मध्य संव्यवहवहार की गई बिजली की मात्रा के संदर्भ में जो डाटा है वो वर्ष 2008–09 के लिए अगस्त 2008 से मार्च 2009 तक की अवधि को दर्शाता है

तालिका – 2: कुल बिजली उत्पादन के संबध में बिजली के अल्पकालिक क्रय–विक्रय का मूल्य

वर्ष	बिजली के अल्पकालिक क्रय–विक्रय की कुल मात्रा (बिलियन युनिट)	कुल बिजली उत्पादन (बिलियन युनिट)	कुल बिजली उत्पादन के प्रतिशत के संबध में बिजली के अल्पकालिक क्रय–विक्रय की मात्रा
2009–10	65.90	764.03	9%
2010–11	81.56	809.45	10%

तालिका – 3: बिजली के अल्पकालिक क्रय–विक्रय का मूल्य

वर्ष	व्यापार लाइसेंस द्वारा क्रय–विक्रय की गई बिजली का मूल्य (रूपए प्रति किलोवाट घण्टा)	पॉवर एक्सेंजस के माध्यम से संव्यवहार की गई बिजली का मूल्य (डीएएम, टीएएम) (रूपए प्रति किलोवाट घण्टा)	यू आई का मूल्य (रूपए प्रति किलोवाट घण्टा)
2008–09	7.29	7.49	6.70
2009–10	5.26	4.96	4.62
2010–11	4.79	3.47	3.91

टिप्पणी : वर्ष 2008–2009 के दौरान के यूआई के मूल्य अगस्त 2008 से मार्च 2009 तक की अवधि के लिए हैं।

4. बोली मूल्यांकन और भुगतान के प्रयोजनार्थ संवर्धित कारकों तथा अन्य मानकों की अधिसूचना

"वितरण लाइसेंसधारकों द्वारा विद्युत की खरीद के लिए बोली प्रक्रिया द्वारा टैरिफ के निर्धारण के लिए दिशानिर्देश" संबंधी ऊर्जा मंत्रालय की दिनांक 19–01–2005 (समय समय पर संशोधित रूप में) अधिसूचना के अनुच्छेद 5.6 (6) के अनुसरण में, केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग के लिए बोली मूल्यांकन और भुगतान के प्रयोजनार्थ विभिन्न सवंर्धित कारकों तथा अन्य मानकों को प्रत्येक छः माह में अधिसूचित करना आवश्यक है आयोग ने अधिसूचना दिनांक 20–12–2010 के द्वारा संवर्धित कारकों तथा अन्य मानकों पर अधिसूचना दिनांक 31–03–2010 में एक संशोधन को अधिसूचित किया था। आयोग ने अधिसूचना दिनांक 28–12–2010 के द्वारा 31–03–2011 तक की अवधि के लिए लागू बोली मूल्यांकन और भुगतान के प्रयोजनार्थ सवंर्धित कारकों तथा अन्य मानकों तथा अधिसूचना दिनांक 31–03–2011 को अप्रैल 2011 से सितम्बर 2011 तक की अवधि के लिए अधिसूचित किया।

7.4 थर्मल उत्पादन

1. टैरिफ निर्धारण

1.1 एनटीपीसी लि0 के थर्मल उत्पादन स्टेशनों के टैरिफ

1.1.1 31–03–2011 को एनटीपीसी लि0 की कुल संस्थापित क्षमता 29891.64 मेगावाट थी जिसमें कोयले पर आधारित 25875.00 मेगावाट तथा प्राकृतिक गैस/तरल ईंधन पर आधारित 4016.64 मेगावाट शामिल थी। वर्ष 2010–11 के दौरान एनटीपीसी द्वरा 500 मेगावाट क्षमता का कोरबा एसटीपीपी चरण तृतीय तथा 490 मेगावाट की राष्ट्रीय राजधनी क्षेत्र टीपीएस (विस्तार परियोजना) (चरण द्वितीय, यूनिट द्वितीय) नामक 990 मेगावाट की नई क्षमता को जोड़ा गया हैं। 31–03–2011 को एनटीपीसी लिमिटेड के प्रत्येक थर्मल उत्पादन स्टेशन के व्यावसायिक परिचालन की तिथि तथा संस्थापित क्षमता अनुबंध–II में दी गयी है:

1.1.2 आयोग ने एनटीपीसी की कहलगांव सुपर थर्मल पावर स्टेशन, चरण द्वितीय (2x500 मेगावाट) की दो इकाइयों के सम्बन्ध में निम्नलिखित टैरिफ को मंजूरी दी जिन्हें वर्ष 2008–09 के दौरान चालू किया गया।

1. इकाई प्रथम के सम्बन्ध में 01–08–2008 29–12–2008 की अवधि के लिए और
2. इकाई प्रथम व द्वितीय (संयुक्त) के सम्बन्ध में 30–12–2008 से 31–03–2009 की अवधि के लिए

2004–09 की अवधि के लिए टैरिफ का संशोधन

1.1.3 आयोग ने एनटीपीसी के निम्नलिखित स्टेशनों के सम्बन्ध में वर्ष 2006–07, 2007–08 तथा 2008–09 के लिए स्वीकृत अतिरिक्त पूंजीकरण पर विचार करने के पश्चात् संशोधित नियत प्रभारों का मंजूरी दी:

1. कवास जीपीएस (656.20 मेगावाट)
2. अंता जीपीएस (419.33 मेगावाट)
3. विन्ध्याचल एसटीपीएस चरण तृतीय (1000 मेगावाट)
4. राष्ट्रीय राजधानी थर्मल पावर स्टेशन, दादरी, चरण प्रथम (840 मेगावाट)
5. सिंगरौली एसटीपीएस (2000 मेगावाट)
6. तलचर एसटीपीएस चरण प्रथम (1000 मेगावाट)
7. रिहंद सुपर थर्मल पावर स्टेशन, चरण प्रथम (1000 मेगावाट)
8. बदरपुर थर्मल पावर स्टेशन (705 मेगावाट)
9. कहलगांव सुपर थर्मल पावर स्टेशन, चरण प्रथम (840 मेगावाट)

पुनरीक्षण याचिकाएं

1.1.4 आयोग ने 2004–09 की अवधि के विभिन्न हितधारकों द्वारा दायर एनटीपीसी उत्पादन स्टेशनों के टैरिफ आदेश के खिलाफ विभिन्न पुनरीक्षण याचिकाओं का भी निपटारा किया हैं।

1.1.5 2009–14 अवधि के लिए टैरिफ

1.1.5.1 एनटीपीसी ने केविविआ टैरिफ (टैरिफ के लिए निबंधन तथा शर्तें) विनियम, 2009 के अनुसार वर्ष 2009–10 में किए गए वास्तविक अतिरिक्त पूंजीगत व्यय तथा 31–03–2009 को आयोग द्वारा स्वीकृत पूजीगत लागत के आधार पर पुनरीक्षण याचिकाएं फाइल करना आरम्भ की। इन याचिकाओं को आयोग द्वारा उचित तकनीकी प्रमाणीकरण के पश्चात सुनवाई के लिए सूचीबद्व किया जा रहा हैं।

1.1.5.2 बदरपुर टीपीएस ने नवीनीकरण व आधुनिकीकरण की योजना

बदरपुर टीपीएस के नवीनीकरण एवं आधुनिकीकरण की योजना के लिए एनटीपीएस द्वारा 861.98 करोड़ रूपये के प्रस्तावित अतिरिक्त पूंजीव्यय द्वारा मांगे गए सैद्यांतिक अनुमोदन की आयोग द्वारा पणधरियों को सुनने के पश्चात समीक्षा की गई तथा आदेश आरक्षित है।

1.2 नेवली लिग्नाइट कॉरपोरेशन के थर्मल उत्पादन स्टेशनों के ट्रैरिफ

1.2.1 31–03–2011 को लिग्नाइट कारपोरेशन (एनएलसी) की कुल संस्थापित क्षमता 2490 मेगावाट थी। राजस्थान में बर्सी नगर स्थित परिचालक फलूडाइजड बेड कमबस्टन तकनीकी आधरित थर्मल पावर स्टेशन 2x125 मेगावाट के वर्ष 2010–11 में चालू होने की आशा है। एनएलसी के प्रत्येक उत्पादन केन्द्र की क्षमता तथा वाणिज्यिक प्रचालन की तिथि निम्न प्रकार है

क्रम संख्या	उत्पादन केन्द्र का नाम	31–03–2008 की स्थिति के अनुसार संस्थापित	केन्द्र का सीओडी
1	टीपीएस I	600.00	21–02–1970
2	टीपीएस II (चरण I)	630.00	23–04–1988
3	टीपीएस II (चरण II)	840.00	09–04–1994
4	टीपीएस I (विस्तार)	420.00	05–09–2003
5	कुल लिग्नाइट	2490.00	

1.2.2 थर्मल बिजली केन्द्र प्रथम एक ही राज्य अर्थात तमिलनाडु को बिजली की आपूर्ति करता है। जबकि थर्मल बिजली केन्द्र द्वितीय (चरण प्रथम और द्वितीय) तथा थर्मल पावर केन्द्र प्रथम (विस्तार) दक्षिणी क्षेत्र के घटकों को बिजली की आपूर्ति कर रहें हैं।

1.2.3 2009–14 की अवधि के लिए एनएलसी केन्द्रों के लिए टैरिफ

1.2.3.1 आयोग ने 2009–14 की अवधि के लिए एनएलसी टीपीएस प्रथम (विस्तार) (2x210 मेगावाट) के संबंध में टैरिफ को अनुमोदित किया हैं।

एनएलसी टीपीएस द्वितीय के लिए टैरिफ का अनुमोदन भी आयोग के विचाराधीन है। एनएलसी टीपीएस प्रथम के लिए टैरिफ निर्धारण के मामले में, एनएलसी ने केविविआ टैरिफ विनियम, 2009 के अनुसार संशोधित याचिका दायर की है जो आयोग में विचाराधीन है।

1.3 दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) के थर्मल उत्पादन केन्द्रों के टैरिफ

1.3.1 दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) की 31–03–2011 की स्थिति के अनुसार कुल 2710 मेगावाट की संस्थापित क्षमता है। डीवीसी की संस्थापित क्षमता तथा उसके प्रत्येक उत्पादन केन्द्रों में वाणिज्यिक प्रचालन की तिथि नीचे दी गई है।

डीवीसी ने 2006–09 की अवधि के लिए अपनी उत्पादन तथा पारेषण परिसम्पतियों के लिए अतिरिक्त पूंजी करण के संबंध में नियत प्रभारों के संशोधन के लिए याचिकाएं दायर की हैं जो आयोग के विचाराधीन हैं।

1.4 नार्थ इस्टर्न इलैक्ट्रिक पावर कॉर्पोरेशन (नीपको)

1.4.1 नार्थ इस्टर्न इलैक्ट्रिक पावर कॉर्पोरेशन (नीपको) की 31–03–2008 की स्थिति के अनुसार ईधन के रूप में प्राकृतिक गैस पर आधारित 375 मेगावाट की थर्मल उत्पादन क्षमता हैं, अर्थात असम जीपीएस (291 मेगावाट) तथा अगरतला जीपीएस (84 मेगावाट) ये दोनों केन्द्र पूर्वोत्तर क्षेत्र के लाभार्थियों को बिजली की आपूर्ति करते हैं। असम गैस पावर केन्द्र संयुक्त साइकल पद्वति से चलता है जबकि अगरतला पावर केन्द्र निर्बाध साइकल पद्वति से चलता हैं। इन दोनों केन्द्रो की गैर टरबाइन की कम क्षमता हैं। यूनिट साइज से 50 मेगावाट प्रत्येक केन्द्र की संस्थापित क्षमता व वाणिज्यिक प्रचालन की तिथि निम्न प्रकार है:–

क्रम संख्या	उत्पादन केन्द का नाम	31–03–2008 स्थिति के अनुसार संस्थापित क्षमता	केन्द्र का सीओडी
1.	अगरतला जीपीएस	84.00	01–08–1998
2.	असम जीपीएस	291.00	01–04–1999
3.	कुल	375.00	

1.4.2 2009–14 अवधि के लिए नीपको गैस आधारित केन्द्रो (स्टेशनों) के टैरिफ

1.4.2.1 आयोग ने 01–04–2009 गैस 31–03–2014 तक की अवधि के लिए नार्थ इस्टर्न पावर इलैक्ट्रिक कॉर्पोरेशन लिमिटेड के अगरतला गैस आधारित पावर परियोजना (84 मेगावाट) से बिजली की बिक्री के संबंध में टैरिफ को अनुमोदित किया हैं।

1.4.2.2 नीपको द्वारा प्रस्तुत अतिरिक्त सूचना के आधार पर असम गैस आधारित पावर परियोजना 291 मेगावाट के संबंध में 2009–14 की अवधि के लिए उत्पादन टैरिफ का अनुमोदन, आयोग के विचारधीन है।

1.5 संयुक्त उद्यम कम्पनियों के थर्मल स्टेशनों के टैरिफ

1.5.1 रत्नागिरि गैस तथा पावर प्राइवेट लिमिटेड

आयोग ने एनटीपीसी लिमिटेड, गैस अथॉरिटी ऑफ इंडिया (गेल), एम एस ई बी होल्डिंग कंपनी तथा भारतीय वित्तीय संस्थान की संयुक्त उधम कंपनी रत्नागिरि गैस और पावर प्राइवेट लिमिटेड के लिए 2009–14 की अवधि का अवधि का टैरिफ अनुमोदित किया है।

1.5.2 एनटीपीसी–सेल पावर कंपनी लिमिटेड

आयोग ने एनटीपीसी लिमिटेड तथा सेल के संयुक्त उघम एनटीपीसी–सेल पावर कंपनी लिमिटेड की इकाई प्रथम व इकाई द्वितीय (2x250 मेगावाट) के 2009–14 की अवधि के टैरिफ को अनुमोदित किया हैं।

2. आयोग द्वारा संचालित अन्य मामले

2.1 अनुसूचीकरण तथा यूआई संगणना के सीमित उद्देश्य के लिए एनएलसी स्टेशन द्वितीय, उत्पादन केन्द्र के चरण प्रथम (3x210 मेगावाट) तथा चरण द्वितीय (1x210) को जोड़ा जा रहा हैं तथा एनएलसी के स्वामित्त्व वाले उत्पादन स्टेशनों के मामले में खानों (माइन्स) के भार के विशेष प्रतिपादन को भी ध्यान में रखा जाता हैं।

2.2 झारखंड इन्टीग्रेटिड पावर लिमिटेड की तिलैया अल्ट्रा मेगा पावर परियोजना से बिजली की आपूर्ति के लिए टैरिफ को अपनाने के लिए अनुमोदन सर्वसम्मति से मैसर्स रिलायन्स पावर लिमिटेड को निर्धारित टैरिफ पर आधारित एक पारदर्शी तथा अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया के माध्यम से प्रदान किया गया।

2.3 कृष्णापट्नम अल्ट्रा मेगा पावर परियोजना के संबंध में 800 मेगावाट की प्रत्येक 5 इकाइयों से लेकर 60 मेगावाट की प्रत्येक 6 इकाइयों तक के इकाई विन्यास में परिवर्तन को स्वीकृत किया।

2.4 संवर्धित ऊर्जा दक्षता के राष्ट्रीय मिशन के अंतर्गत प्रदर्शन, उपार्जन तथा व्यापार (पीएटी) योजना (एनएमईईई) बीईई ने आयोग से विद्युत क्षेत्र के प्राधिकृत उपभोक्ताओं के लिए विशिष्ट ऊर्जा खपतः में अपेक्षित प्रतिशत कमी निर्दिष्ट करने तथा इसके लिए कार्यविधि का विकास करने का अनुरोध किया।

थर्मल पावर स्टेशनों की विशिष्ट ऊर्जा खपत के प्रतिशत कमी के लक्ष्यों को निर्दिष्ट करने के लिए, आयोग के पीएटी योजना के अंतर्गत केविविआ तथा सीईए से दो–दो प्रतिनिधियों को लेकर एक समिति का गठन किया।

राज्य तथा केन्द्रीय उपयोगिताओ के प्रतिनिधियों के साथ शामिल विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया तथा उनके विचारों को सुना गया। उपयोगिताओ से उनके उत्पादन केन्द्रों में कार्य क्षमताओं के मानको के रिकार्ड रखने तथा परीक्षण की पद्वति और प्रक्रिया विवरण को प्रस्तुत करने के लिए कहा गया। इसके

अलावा राज्य उपयोगिताओं और केन्द्र उत्पादकों से पावर स्टेशन तथा वास्तविक परिचालन आकड़ों के संबंध में सूचना प्रस्तुत करने के लिए भी कहा गया। विभिन्न उपयोगिताओं द्वारा प्रस्तुत की गई सूचना को विशिष्ट ऊर्जा खपतः में लक्षित कमी को तैयार करने के लिए ध्यान में रखा गया। समिति अपनी रिपोर्ट को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में है।

7.5 हाइड्रो उत्पादन (जल विद्युत उत्पादन)

3.1 आयोग वर्तमान में 24 केन्द्रों (स्टेशनों) में 8694 मेगावाट की समग्र संस्थापित क्षमता वाले निम्नलिखित छहः केन्द्रीय क्षेत्र (एनएचपीसी, एनएचडीसी, एनईईपीसीओ, एसजेवीएनएल, टीएचडीसी और डीवीसी) की जलविद्युत उत्पादन कंपनियों, जो दक्षिणी क्षेत्र के अतिरिक्त सभी क्षेत्रों में स्थित हैं, के टैरिफ को विनियमित कर रहा हैं। केन्द्रों के ब्यौरे तथा उनकी वाणिज्यिक प्रचालन की तारीख अनुबंध है।

3.2 वर्ष के दौरान उपर्युक्त जलविद्युत उत्पादन कंपनियो के साथ साथ उनके लाभार्थियो से संबंधित याचिकाएं दायर की गईं। इनमें टैरिफ अवधि 2004–09 के विभिन्न वर्षो के दौरान किये गये अतिरिक्त पूंजीगत व्यय के संबंध में वार्षिक नियत प्रभारों के प्रभाव से संबंधित 5 याचिकाएं शामिल थी।

3.3 2009–14 की अवधि के लिए अंतिम उत्पादन टैरिफ के अनुमोदन के लिए याचिकाएं

(i) एनएचपीसी का सेवा स्टेज–।। जलविद्युत स्टेशन (4x30=120 मेगावाट): यह उत्पादन स्टेशन (केन्द्र) जम्मू–कश्मीर राज्य में, कठुआ में स्थित हैं तथा इसे 560 मीटर के छोटे तालाब के साथ नदीं योजना के रूप में डिजाइन किया गया था। इस उत्पादन स्टेशन में 533.53 मिलियन यूनिट की वार्षिक लक्षित ऊर्जा वाली 40 मेगावाट प्रत्येक की तीन इकाईयाँ शामिल हैं। इस उत्पादन स्टेशन के वाणिज्यिक परिचालन की संभावना मार्च 2010 में थी। तदनुसार, याचिकाकर्ता ने लेखा परीक्षक को के द्वारा विधिवत प्रमाणित 31–12–2009 तक खर्च की गई वास्तविक लागत तथा 28–02–2010 तक प्रत्याशित पूंजीगत व्यय के आधार पर विनियमों के अनुसार याचिका दायर की। सुनवाई के पश्चात् आयोग द्वारा 01–03–2010 से 31–03–2014 तक की अवधि के लिए आदेश दिनांक 06–09–2010 के द्वारा स्वीकृत वार्षिक नियत प्रभारो को नीचे अभिव्यक्त किया गया हैं।

	2009–10 (01–03–2010 से 31–03–2010)	2010–11	2011–12	2012–13	2013–14
एएफसी (लाख में)	1609.83	19371.55	19615.19	19180.77	18790.14

(ii) एनएचपीसी की धौलीगंगा जलविद्युत परियोजना स्टेज–II (4x70 मेगावाट) उत्पादन स्टेशन। याचिकाकर्ता ने 01–04–2009 से 31–03–20014 तक की अवधि के उत्पादन टैरिफ के अनुमोदन के लिए आवेदन दाखिल किया। आयोग ने इस संबंध में दिनांक 14–03–2010 को आदेश दिया। आयोग द्वारा स्वीकृत वार्षिक नियत प्रभार निम्नलिखित हैं:

	2009–10	2010–11	2011–12	2012–13	2013–14
एएफसी (लाख में)	26881.76	26982.66	27015.81	27047.18	27139.53

3.4 2004–09 की अवधि के लिए अतिरिक्त पूंजीगत व्यय के अनुमोदन के संबंधित याचिकाएं

(i) नीपको की रंगानदी जल विद्युत स्टेशन (3x135 = 405 मेगावाट)

याचिकाकर्ता ने 01–04–2006 से 31–03–2009 की अवधि के लिए सिंडिकेड ऋण पर दी गई वास्तविक ब्याज दर के लागू तथा वास्तविक अतिरिक्त पूंजीगत व्यय के समाहित होने के पश्चात 01–04–2004 से 31–03–2009 की अवधि के द्विपक्षीय टैरिफ के अनुमोदन के लिए याचिका की अवधि के द्विपक्षीय टैरिफ के अनुमोदन के लिए याचिका दायर की। सुनवाई के पश्चात् आयोग द्वारा दिनांक 17–05–2010 के आदेश द्वारा 01–04–2006 से 31–03–2009 तक की अवधि के स्वीकृत नियत प्रभारो को नीचे अभिव्यक्त किया गया हैं:



	2006–07	2007–08	2008–09
एएफसी (लाख में)	24156.67	23484.27	20367.53

(ii) असम में नीपको के कोपली स्टेशन प्रथम (4x50 = 200 मेगावाट) जल विद्युत स्टेशन में 05–07–1998 को आरंभ उत्पादन की इकाई–I तथा 12–07–1997 को आरंभ इकाई–IV वाले मुख्यतः खंडोग (2x25 मेगावाट) तथा कोपली विद्युत उत्पादन स्टेशन (4x50 मेगावाट) नामक दो उत्पादन केन्द्र (2 स्टेशन) शामिल हैं। आयोग के दिनांक 02–06–2010 के आदेश द्वारा 2006–07 से 2008–09 की अवधि के लिए अंतिम टैरिफ को स्वीकृत किया गया:

	2006–07	2007–08	2008–09
एएफसी (लाख में)	5709.21	5777.85	5891.79

(iii) असम में नीपको के कोपली स्टेशन–II (1x25 = 25 मेगावाट) जल विद्युत स्टेशन। याचिकाकर्ता ने 01–04–2006 से 31–03–2009 की अवधि के लिए सिंडिकेट ऋण पर दी गई वास्तविक लाभ ब्याज दर तथा वास्तविक अतिरिक्त पूंजीगत व्यय के समाहित होने के पश्चात 26–07–2004 से 31–03–2009 की अवधि के लिए कोपली जल विद्युत परियोजना स्टेज–II (25 मेगावाट) के द्विपक्षीय टैरिफ के अनुमोदन के लिए याचिका दायर की। सुनवाई के पश्चात आयोग के दिनांक 15–06–2010 के आदेश द्वारा 01–04–2006 से 31–03–2009 तक की अवधि के स्वीकृत वार्षिक नियत प्रभारों को नीचे अभिव्यक्त किया गया हैं:

	2006–07	2007–08	2008–09
एएफसी (लाख में)	1449.15	1413.08	1365.58

(iv) रंजित जल विद्युत परियोजना (3x20 = 60 मेगावाट)

याचिकाकर्ता ने 01–04–2004 से 31–03–2009 तक की अवधि के रंजित जल विद्युत परियोजना (3x20 = 60 मेगावाट) के संबंध में वर्ष 2006–07, 2007–08 तथा 2008–09 में किये अतिरिक्त

पूंजीगत व्यय के प्रभाव को ध्यान में रखते हुए संशोधित नियत प्रभारों के अनुमोदन के लिए याचिका दायर की। सुनवाई के पश्चात् आयोग के आदेश दिनांक 03–09–2010 के द्वारा 01–04–2006 से 31–03–2009 की अवधि के लिए स्वीकृत वार्षिक नियत प्रभारों को नीचे अभिव्यक्त किया गया हैं:

	2006–07	2007–08	2008–09
एएफसी (लाख में)	5316.83	4641.25	4689.81

(v) एनएचपीसी उत्पादन केन्द्र (स्टेशन) की चमेरा जल विद्युत परियोजना स्टेज–I (3x20 = 60 मेगावाट) याचिकाकर्ता ने वितीय वर्षों 2006–07, 2007–08 तथा 2008–09 के दौरान किये गये अतिरिक्त पूंजीगत व्यय के संबंध में वार्षिक नियत प्रभारो के प्रभाव के निर्धारण के लिए याचिका दायर की। सुनवाई के पश्चात आयोग के आदेश दिनांक 03–09–2010 के द्वारा 01–04–2006 से 31–03–2009 तक की अवधि के लिए स्वीकृत वार्षिक नियत प्रभारों को नीचे अभिव्यक्त किया गया हैं:–

	2006–07	2007–08	2008–09
एएफसी (लाख में)	19435.45	19751.98	20066.16

3.5 पुनरीक्षण याचिका

(i) चमेरा जल विद्युत परियोजना चरण (स्टेज)–I (3x20=60 मेगावाट) याचिकाकर्ता, एनएचपीसी लिमिटेड द्वारा वर्ष 2006–07, 2007–08 तथा 2008–09 के लिए अतिरिक्त पूंजीगत व्यय के प्रभाव को ध्यान में रखते हुए वार्षिक नियत प्रभारो के संशोधन के लिए याचिका दायर की गई। आयोग ने निम्नलिखित रूप से नियत प्रभारो को संशोधित किया:–

	2006–07	2007–08	2008–09
एएफसी (लाख में)	35521.89	36036.78	34878.09

(ii) सेवा स्टेज–II जल विद्युत स्टेशन (4x30 = 120 मेगावाट): आयोग ने उत्पादन टैरिफ के अनुमोदन के लिए दिनांक 06–09–2010 को आदेश की कुल तालिकाओ में लिपिकीय भूल के सुधार करके दिनांक 22–09–2010 के आदेश द्वारा उसमें संशोधित किया लेकिन आदेश दिनांक 06–09–2010 के अनुसार वार्षिक नियत प्रभारों को अपरिवर्तनीय रखा गया।

(iii) कोपली स्टेज द्वितीय (1x25 = 25 मेगावाट) जल विद्युत स्टेशन याचिकाकर्ता ने 01–04–2006 से 31–03–2009 की अवधि के लिए सिंडिकेड ऋण पर दी गई लागू वास्तविक ब्याज दर तथा वास्तविक पूंजीगत व्यय के समाहित होने के पश्चात 26–07–2004 से 31–03–2009 की अवधि के लिए कोपली जल विद्युत परियोजना (25 मेगावाट) के संबंध में टैरिफ के संशोधन के लिए यह याचिका दायर की। आयोग ने आदेश को संशोधित नही किया। इसलिए आदेश दिनांक 15–06–2010 की सभी शर्तें अपरिवर्तनीय रहीं।

4. विविध कार्य

केविविआ विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 61 तथा 62 के साथ पठित धारा 79 (i) (क) तथा (ख) के संदर्भ में जल विद्युत परियोजनाओ के लिए टैरिफ विनियमित करता हैं। जल विद्युत परियोजनाओ की पूंजीगत लागत की तर्कसंगतता का पता लगाने के लिए केविविआ प्रज्ञावान जांच भी करता हैं।

अधिनियम खंड 8 संबद्धतापूर्वक सीईए द्वारा जल संसाधनों के तकनीकी दृष्टिकोण तथा इष्टतम उपयोग से योजना के सम्मिलन की परिकल्पना करता हैं। जहाँ तक परियोजना योजना के पूंजीगत लागत का संबंध है, टैरिफ निर्धारण के लिए तर्कसंगतता की जाँच करना अभी भी उचित आयोग की जिम्मेदारी बनी हुई हैं। 31 मार्च 2008 को संशोधित टैरिफ नीति के अनुसार, उपयुक्त आयोग जल विद्युत परियोजना को उनके निर्माण के प्रारंभ से पहले चालू करने की समय अवधि को भी स्वीकृत कर सकता हैं।

इस प्रकार इस संदर्भ में केन्द्रीय आयोग के निम्नलिखित दो विशिष्ट उत्तरदायित्व है:–

1. जल विद्युत परियोजना निजी या सार्वजनिक अथवा निजी की पूंजीगत लागत की तर्कसंगतता की जाँच करना।

2. 31 मार्च 2008 को संशोधित टैरिफ नीति के अनुसार राज्य के स्वामित्व/नियंत्रण के बिना एक निर्माता की निजी जल विद्युत परियोजनाओ के चालू होने संबंधी कार्यक्रम की जाँच तथा उसे अनुमोदित करना।

जलविद्युत परियोजना के चालू होने संबंधी कार्यक्रम (अनुसूची) के लिए दिशानिर्देश:-

31–03–2008 को संशोधित टैरिफ नीति के अनुसार राज्य के स्वामित्व/नियंत्रण के बिना एक निर्माता की निजी जल विद्युत परियोजनाओ के चालू होने संबंधी कार्यक्रम (अनुसूची) की संवीक्षा तथा उसे अनुमोदित करना। आयोग ने 07–07–2009 को जल विद्युत परियोजनाओ के चालू होने संबंधी कार्यक्रम के जाँच तथा अनुमोदन के लिए दिशानिर्देश विकसित करने के कार्य के लिए कोटेशन मांगते तथा यह कार्य मैसर्स एनर्जी इन्फ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड को दिया गया। परामर्श दाता का चयन तकनीकी तथा वितीय दो चरणो पर आधारित था। मैसर्स एनर्जी इन्फ्राटेक प्रा0 लि0 के द्वारा जल विद्युत परियोजनाओ के चालू होने संबंधी कार्यक्रम की जाँच तथा अनुमोदन के लिए तैयार दिशानिर्देशो को हितधारको की टीका टिप्पणियो के आमंत्रण के लिए इसकी वेबसाइट पर प्रकाशित किया गया।

जल विद्युत परियोजनाओ को चालू करने संबंधी कार्यक्रम के लिए दिशानिर्देश अपने अंतिम चरण में है और शीघ्र ही इन्हें अंतिम रूप दे दिया जाएगा।

2009-14 की अवधि के लिए टैरिफ

एसजेवीएनएल तथा टिहरी ने टैरिफ अवधि 2004–09 के लिए वास्तविक अतिरिक्त पूंजीकरण पर टैरिफ याचिका दायर की जिसके लिए जल्द ही सुनवाई की जाएगी। एनएचपीसी, एनईईपीसीओ तथा एनएचडीसी ने 2009–14 की अवधि के लिए प्रस्तावित अतिरिक्त पूंजीकरण पर आधारित टैरिफ याचिका दायर की। एनएचपीसी तथा एनईईपीसीओ (नीपको) परियोजनाओ की याचिकाओ की सुनवाई पहले ही कर ली गई है तथा आदेश शीघ्र ही जारी कर दिये जाएगे। एनएचडीसी तथा डीवीसी ने 2009–14 की अवधि के लिए प्रस्तावित अतिरिक्त पूंजीकरण पर आधारित टैरिफ याचिका दायर की, जो अभी भी विचाराधीन है और आदेश शीघ्र जारी कर दिये जाएंगे। हाइड्रों केन्द्रों के संक्षिप्त टैरिफ का ब्यौरा अनुबंध–VI में दिया गया है।

7. स्वदेशी टैरिफ क्षेत्र (डीटीए) में थर्मल उत्पादन केन्द्रो के टैरिफ तथा विशेष आर्थिक जोन (एसईजेड) के प्रसंस्करण तथा गैर प्रसंस्करण क्षेत्रों में स्थापित थर्मल उत्पादन केन्द्र के टैरिफो में लाभों की मात्रा का संगणना:–

7.1 जून 2010 में वित्त मंत्रालय के अनुरोध पर केविविआ में विशेष आर्थिक जोन (एसईजेड) के बाहर स्थित इकाईयो की तुलना में विशेष आर्थिक जोन के भीतर विद्युत निर्माताओं की दी जाने वाली रियायतों के लाभो की मात्रा को जानने के क्रम में विभिन्न ईधन विकल्पों के विशेष आर्थिक जोन के प्रसंस्करण तथा गैर–प्रसंस्करण क्षेत्रो में स्थापित थर्मल उत्पादन केन्द्रो तथा घरेलू टैरिफ क्षेत्रों में स्थापित इकाइयों के टैरिफ की तुलना करने के लिए एक अभ्यास किया गया।

इस अध्ययन के उद्देश्य के लिए, निम्नलिखित तीन ईधन विकल्पों पर ध्यान दिया गया।

1. आयतित कोयला
2. स्वदेशी कोयला
3. स्वदेशी गैस

7.2 आयतित कोयला गुजरात, महाराष्ट्र तथा तमिलनाडु के तटीय क्षेत्रो में विशेष आर्थिक जोन के लिए व्यावहारिक विकल्प था जबकि दूसरी ओर घरेलू गैस/आरएनएलजी गैस पाइपलाइन नेटवर्क के साथ तटीय क्षेत्रों तथा डीटीए क्षेत्रो में स्थापित किये जा रहे विशेष आर्थिक जोन के लिए एक अन्य व्यावहारिक विकल्प था। चूँकि घरेलू गैस की कीमतों का अंतराष्ट्रीय बाजार की समतुल्य कीमतों के साथ जोडा जाना प्रस्तावित किया गया, इसलिए गैस कीमतों को हाल ही में पेट्रोलियम तथा प्राकृतिक

गैस मंत्रालय द्वारा संचालित अध्ययन घरेलू गैस के लिए चार्ज किए जाने वाले प्रस्तावित औसत मूल्य के रूप माना गया।

7.3 घरेलू कोयला गैर–तटीय क्षेत्रों में विशेष आर्थिक जोन के लिए एक अन्य व्यावहरिक विकल्प था। घरेलू कोयले के कीमतों के अध्ययन के प्रयाजनार्थ कोयले की 1000 किलोमीटर की औसतन दूरी की ढुलाई को ध्यान में रखा गया।

अध्ययन दो प्रमुख परिदृश्यों पर विचार करने के लिए किया गया:

1. 1000 मेगावाट तथा अधिक की क्षमता वाले मेगा पावर परियोजना के साथ स्थापित पावर (विद्युत) परियोजनाएं।
2. 1000 मेगावाट तथा कम की क्षमता वाले मेगा पावर परियोजना के बिना स्थापित पावर विद्युत परियोजनाएं।

7.4 घरेलू टैरिफ क्षेत्र में तथा विशेष आर्थिक जोन के गैस प्रसंस्करण क्षेत्रो में स्थापित परियोजनाओं की तुलना में प्रसंस्करण क्षेत्र स्थापित विद्युत परियोजनाओं के विद्युत निर्माताओं को उपलब्ध लाभों (फायदों) की मात्रा को देखते हुए निरपेक्ष तथा प्रतिशत रूप में औसत भारित आधार पर निम्नलिखित रूप से कार्य कर रहीं थी:–

विवरण	डीटीए	
	%	पैसा / केडब्ल्यूएच
1000 मेगावाट तथा उससे अधिक की परियोजनाएँ		
ईधन के रूप में आयतित कोयला	2.92	10.10
ईधन के रूप में घरेलू कोयला	0.18	0.54
ईधन के रूप में घरेलू गैस	3.27	10.91
1000 मेगावाट तथा उससे कम की परियोजनाएँ		
ईधन के रूप में आयतित कोयला	1.06	3.74
ईधन के रूप में घरेलू कोयला	कोई लाभ नहीं	
ईधन के रूप में घरेलू गैस	1.65	5.58

अध्ययन 10–06–2010 को वित्त मंत्री (वित्त मंत्रालय) को अग्रेषित किया गया।

7.6 पारेषण

देश के विभिन्न अन्तर–राज्यिक पारेषण तत्वो के लिए पारेषण टैरिफ आयोग द्वारा अनुमोदित किया गया था। एनआरएलडीसी और एसआरएलडीसी ने ग्रिड सुरक्षा बनाए रखने के लिए ग्रिड से अधिक निकासी पर अंकुश लगाने के लिए इकाईयों को निर्देश देने के लिए याचिकाए दाखिल की थी। आयोग ने अपनी ओर से भी निर्धारित सीमाओ के भीतर ग्रिड आवृति बनाए रखकर नए और दक्षिणी क्षेत्रीय ग्रिडो को सुरक्षित और विश्वनीय प्रचालन सुनियत करने के लिए अनेक कार्यवाहियाँ आरम्भ की थी। आयोग ने राज्य उपयोगिताओ पर जुर्माने भी लगाए थे। अन्तर–राज्यिक पारेषण में निर्बाध पहुँच की महत्वता के मद्देनजर आयोग ने अनेक उपयोगिताओ/एमएलडीसी के लिए कुछ राज्य भार प्रेषण केन्द्रों द्वारा निर्बाध पहुँच करने संबंधी विवादो से संबंधित याचिकाओ मे भेदभाव रहित निर्बाध पहुँच मुहैया कराने के लिए अनेक आदेश दिए।

आयोग ने पारेषण प्रणालियों के कार्यान्वयन के लिए विभिन्न एजेंसियों के लिए दो पारेषण अनुज्ञप्तियाँ भी प्रदान की। पारेषण से संबंधित कार्यकलापो का संक्षिप्त विवरण नीचे दिया गया है:–

(अ) पारेषण टैरिफ

आयोग ने अंतरिम आदेशो सहित अन्तर–राज्यिक पारेषण से संबंधित याचिकाओ पर अनेक आदेश जारी किए हैं। पीजीसीआईएल द्वारा दाखिल अधिकांश टैरिफ याचिकाए टैरिफ अवधि 2004–09 से संबंधित थी। टैरिफ याचिकाएं अंतिम टैरिफ तथा अतिरिक्त पूंजीकरण और अंतिम टैरिफ के अनुमोदन के लिए थी। पीजीसीआईएल द्वारा विभिन्न क्षेत्रो के अन्तरक्षेत्रीय और अंतः पारेषण प्रणाली के लिए प्रोत्साहनो के अनुमोदन के लिए अनेक याचिकाएं दाखिल की थी। अंशात क्षेत्रों में सुरक्षा बलो की तैनाती के लिए विशेष व्यय के अनुमोदन से संबंधित याचिकाओं को भी निपटाया गया था। चूंकि पारेषण प्रणाली तीव्रता से बढ़ रहीं हैं, इसलिए पारेषण टैरिफ के लिए याचिकाओं की संख्या भी बढ़ रहीं है और अतः इन याचिकाओ के लिए पारेषण टैरिफ की गणना भारी भरकम कार्य हैं। आयोग ने, महसूस किया कि व्यक्तिगत रूप से विभिन्न पारेषण तत्वों के टैरिफ के संचालन की वर्तमान प्रणाली के लिए संसाधनो के उपयोग के इष्टतमीकरण के लिए पुनः जांच किया जाता अपेक्षित हैं। अन्तर–राज्यिक पारेषण प्रणाली के पुनः विस्तार के कारण विभिन्न पारेषण तत्वो का पारेषण टैरिफ निर्धारित करने के लिए आयोग के समक्ष भविष्य में महत्वपूर्ण रूप से याचिकाओं की संख्या में बढ़ोतरी होगी। सरलीकरण और इष्टतमीकरण प्रयासो से संबंधित संपूर्ण मामले की जांच हेतु, आयोग ने एक कार्य समूह का गठन किया था। कार्य समूह ने आयोग के समक्ष अपनी सिफारिश प्रस्तुत की थी, सिफारिशो के आधार पर आयोग ने निर्धारित दिशा–निर्देशो के आधार पर परिसम्पतियो को मिलाने का निर्णय किया था। इसमें फलस्वरूप कुछ सीमा तक अंतर–राज्यिक पारेषण टैरिफ के लिए याचिकाओं की संख्या कम होगी। तथापि 2009–10 के दौरान आयोग ने अंतर–राज्यिक पारेषण टैरिफ से संबंधित बड़ी संख्या में याचिकाओ को निपटाया था। ब्यौरे अनुबंध–I में दिए गये हैं।

(ब) वास्तविक समय परिचालन विनियमो में संकुलन अवमुक्ति के उपायों के तहत प्रक्रियाएं

आयोग ने दिनांक 11–06–2010 के आदेश द्वारा केन्द्रीय विद्युत विनिमायक आयोग (वास्तविक समय परिचालन में संकुलन अवयुक्ति के उपाय) विनिमय 2009 के विनियम 4(2) के तहत वास्तविक समय परिचालन में संकुलन अवयुक्ति के लिए विस्तारित प्रक्रियाओ को स्वीकृत किया।

(स) अननुसूचित विनिमय (यू आई) प्रभारों के भुगतान में व्यतिक्रमी उपयोगिताओ पर कार्यवाही

